# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–176 । सागर, रविवार, 13 अगस्त 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



जन्म से पहले जुड़वा बच्चों की मौत — पृष्ठ 3

- पुल पर बैठा बूढ़ा
- वैचारिक मंथन से निकली कविताएं — पृष्ठ 4

- गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर स्वामी देवस्वरुपानंद की हठ के आगे झुका प्रशासन — 6

मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता व दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर हो कठोर कार्यवाही: सुरेन्द्र चौधरी — 8


## सार-समाचार

### राष्ट्रपति ने डीपीडीपी विधेयक 2023 को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने डिजिटल निजी डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक-2023 को संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद शनिवार को मंजूरी दे दी। यह विधेयक गत 09 अगस्त को राज्यसभा में सर्वसम्मति से पारित हो गया। इससे पहले लोकसभा ने 07 को ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया था। विधेयक का उद्देश्य डेटा को कानूनी रूप से संसाधित करने की आवश्यकता के साथ अपने डेटा को सुरक्षित रखने के व्यक्तियों के अधिकार को संतुलित करके डिजिटल व्यक्तिगत डेटा का प्रबंधन करना है।

### पुलवामा में सीआरपीएफ के जवान ने आत्महत्या की

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर स्वयं को गोली मारकर शनिवार तड़के आत्महत्या कर ली । अधिकारियों ने आज यहां कि 11 और 12 अगस्त की दरमियानी रात करीब एक बजकर 55 मिनट पर अवंतीपोरा में सेल चेरसू के पास गोलियों की आवाज सुनी गई। मौके पर सीआरपीएफ का जवान खून से लथपथ मृत पाया गया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि के ट्रस्टियों ने नया वाद किया दायर

**मथुरा, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह विवाद से संबंधित एक नया वाद सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया गया है। यह वाद अब तक दायर सभी वादों से अलग है। डीजीसी सिविल संजय गौड के अनुसार अब तक दायर किये गए वाद में जहां श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया था वहीं नये वाद में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट ने ही एक वाद दायर कर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और ईदगाह कमेटी के बीच 1968 में हुए समझौते को रद्द करने की प्रार्थना की गई है।

### दलित भाई-बहन पर हमला मामले में 7 गिरफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी।** पुलिस ने दलित छात्र और उसकी बहन पर हमला करने के आरोप में सात छात्रों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के नंगुनेरी में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों दलित बच्चों की मां ने पुलिस से सुरक्षा मांगी है क्योंकि उन्हें मध्यवर्ती जाति के सदस्यों से बड़े हमले का डर है। पुलिस हाई अलर्ट पर है व जिले में पुलिस की संख्या बढ़ा दी गई है। 2021 में मदुरै व तिरुनेलवेली जिलों सहित दक्षिण तमिलनाडु में, दलितों और मध्यवर्ती जाति के सदस्यों की हत्या कर दी गई। हत्याएं दो समूहों के बीच पुरानी हत्याओं व दुश्मनी के कारण की गई थी।

### गोदाम में भीषण आग

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के उत्तर-पूर्वी हिस्से में उल्टाडांगा में शनिवार तड़के भीषण आग लगने से एक गोदाम जलकर खाक हो गया। धनकोल इलाके में स्थित गोदाम में शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे भीषण आग लग गई, जिसमें सभी कागजात व एक तिपहिया ऑटो सहित दो वाहन जलकर खाक हो गए।

सागर के ढाना में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा-

# देश को गरीबी और भूख से मुक्त कर रही सरकार







## दलित, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग को मिल रहा उनका हक

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार देश को गरीबी और भूख से मुक्त कर रही है और दलितों, आदिवासियों और पिछड़ो उनका हक दिया जा रहा है। श्री मोदी आज सागर जिले के ढाना में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछली विपक्षी सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि पिछले शासकों ने इन वर्गों की अनदेखी की और उन्हें सिर्फ चुनाव के समय याद किया। उन्होंने यह भी कहा कि पिछली सरकारें गरीबों को पानी तक देने में विफल रही। जबकि उनकी सरकार में दलित बस्तियों, पिछड़े इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों को जल जीवन मिशन के तहत नल से जल मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के विकास में दलित-पिछड़े और आदिवासी वर्ग की अहम भूमिका रही है। हमने इन्हीं को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि संत रविदास चाहते थे कि समाज में कोई भूखा नहीं रहे। हम सब छोटे-बड़े के भाव से ऊपर उठकर मिलकर साथ रहें। संत रविदास के इस विचार से प्रेरित होकर हम अमृत काल में गरीबी और भूख से लोगों को मुक्त करने का कार्य कर रहे हैं। कोरोना काल में हमने समाज के वंचित और जनजातीय वर्ग के लिए तमाम आशंकाओं से उठकर 80 करोड़ भारतीयों के लिए गरीब कल्याण अन्न योजना प्रारंभ की। कोविड के दौरान हमारे प्रयासों की तारीफ पूरी दुनिया में हुई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज देश में गरीब कल्याण की योजनाओं का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को प्राप्त हो रहा है। जीवन के हर पड़ाव पर देश, महिलाओं और वंचितों के साथ खड़ा है। उनकी आकांक्षाओं को हम सहारा दे रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 6 हजार रुपए की राशि नवजात बच्चे और उसकी मां के लिए प्रदान की जाती है। बीमारियों के खतरे को रोकने में यह योजना मददगार है। मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से नवजात बच्चों की सुरक्षा और उनके टीकाकरण का लाभ साढ़े 5 करोड़ से अधिक माताओं और बच्चों को मिल रहा है। इसी तरह सिकलसेल मिशन एनिमिया से मुक्ति के लिए संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य है। अन्य रोगों के नियंत्रण पर भी कार्य हो रहा है। ऐसे रोग जिनसे वंचितों और निर्धनों को शिकार बनना पड़ता है, उनके नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित की।

जनसभा में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र खटीक, नागरिक उड्डायन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, सागर जिले के प्रभारी और सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, जनजाति कार्य मंत्री सुश्री मीना सिंह, सांसद वी. डी. शर्मा, राज बहादुर सिंह, अनिल फिरोजिया, महेन्द्र सिंह सोलंकी, संध्या राय, सुमित्रा वाल्मीकि, पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य, बड़ी संख्या में रैदासी समाज के अनुयाई सहित विशाल जन समुदाय उपस्थित था।

### संत रविदास के सम्मान में संस्थाओं का किया जा रहा नामकरण

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि बनारस में जहां संत रविदास की जन्म स्थली के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है, वहीं मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क गोविंदपुरा का नामकरण संत रविदास जी के नाम पर किया गया है। सागर में संत रविदास जी के जीवन और शिक्षा को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय का निर्माण भी इस श्रंखला में महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन और टंट्या मामा के नाम पर पातालपानी रेल्वे स्टेशन का नामकरण किया गया। इसी तरह बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों का विकास हो रहा है। संत रविदास सहित बलिदानियों और महात्माओं की शिक्षाएं इन स्थानों के माध्यम से समाज को एकजुट रखेंगी। सरकार ने ऐसे महापुरूषों के सम्मान का पूरा ध्यान रखा है।

### सागर के लाखा बंजारे का विशेष उल्लेख

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सागर की विशाल झील के निर्माता लाखा बंजारे के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस शहर की पहचान लाखा बंजारे द्वारा 400 एकड़ इलाके में निर्मित लाखा बंजारा झील से है। लाखा बंजारे ने पानी की अहमियत को समझा और झील का निर्माण करवाया। सरकार ने लाखा बंजारे की परम्परा को निभाते हुए आजादी के अमृत काल में हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करवाकर उन्हें सामाजिक समरसता का केंद्र बनाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सागर शहर समरसता का सागर बन गया है।

भव्य संत रविदास मंदिर की नींव रखी, बोले-

## लोकार्पण के लिए भी जरूर आऊंगा



**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर में बनने वाले भव्य संत रविदास मंदिर की नींव रखी है। यह मंदिर 100 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। इस अवसर पर मोदी ने कहा की संत रविदास के इस भव्य मंदिर की नींव रखने का मौका मुझे मिला है। मुझे ही एक डेढ़ साल बाद इस मंदिर का लोकार्पण करने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं काशी का सांसद हूं और काशी संत रविदास की जन्मभूमि है। मुझे उनके आशीर्वाद से ही इस मंदिर का भूमिपूजन करने का मौका मिला है। जबकि उनके आशीर्वाद से ही मैं इस मंदिर का लोकार्पण करने आऊंगा। श्री मोदी ने मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की इस मंदिर के निर्माण के लिए शिवराज सरकार के काम के लिए भी मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समरसता के प्रणेता श्री संत रविदास जी के भव्य और दिव्य रूप में स्मारक और मंदिर निर्माण कराने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री द्वारा आज किए गए शिलान्यास के बाद अब भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। यह मंदिर नागर शैली में 10000 वर्ग फुट में बनेगा। जहां इंटरप्रिटेशन म्यूजियम भी बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी इस परिसर में बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा। लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो अध्यात्मिक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे।

## संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया




मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास ने भारतीय संस्कृति और समरसता के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। श्री संत रविदास ने कर्म को महत्व दिया। वे परिश्रम से जो भी अर्जित करते थे, उसे संत सेवा और समाज को अर्पित कर देते थे। कई राजा और मीराबाई भी उनके शिष्य थे। श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास जी भारत को जोड़ने वाले संत थे। कोई छोटा नहीं, बड़ा नहीं, भक्ति कैसे करें इसका संदेश देने वाले थे संत रविदास जी। श्री चौहान ने इस मौके पर भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऐसे फैसले किए हैं जो बुंदेलखंड की तस्वीर बदल देंगे। बीना रिफाइनरी पर आधारित पेट्रो केमिकल्स उत्पाद पर 50 हजार करोड़ का निवेश आने वाला है। इसी बुंदेलखंड की धरा पर केन-बेतवा परियोजना का काम जल्दी प्रारंभ होने वाला है। इससे 20 लाख एकड़ जमीन पर बुंदेलखंड में सिंचाई होगी। बुंदेलखंड की धरती पंजाब, हरियाणा को मात देगी। प्रधानमंत्री ने 44 हजार करोड़ की योजना का उपहार बुंदेलखंड की जनता को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में जो हुआ वह अद्भुत और अभूतपूर्व है।

### समरसता यात्राओं का हुआ समापन

प्रदेश में संत रविदास मंदिर निर्माण के लिए पाँच अलग अलग स्थानों- नीमच, मांडव जिला धार, श्योपुर, बालाघाट और सिंगरौली से समरसता यात्रा निकली थीं। गत 25 जुलाई से शुरू हुई इन यात्राओं का प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के साथ ही समापन हुआ। इसके पहले प्रदेश के हर गांव से मिट्टी और सभी विकास खंडों की 313 नदियों से सांकेतिक जल लेकर यात्रा सागर पहुंची। प्रदेश के जिलों से होकर संत रविदास मंदिर निर्माण यात्रा गुजरी। मुख्य यात्राओं के साथ 1661 उप यात्रियों ने भी कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान 352 जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समरसता यात्राएं 20 हजार 641 गांवों की मिट्टी और 313 नदियों के सांकेतिक जल एकत्र कर सागर पहुंची।

# भारत-पाक के बीच ईमानदारी से बातचीत हो



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को सभी मुद्दों पर समाधान के लिए बातचीत शुरू करने में ईमानदारी का परिचय देना होगा।

डॉ.अब्दुल्ला ने यहां यहां संवाददाताओं से भारत और पाकिस्तान के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश ईमानदारी नहीं दिखाते, तब तक जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन सब दिखावा है। आप देख रहे हैं कि वहां आतंकवाद है। गोलियां चलायी जा रही हैं तथा सैनिक और आम लोग अभी भी मारे जा रहे हैं। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे डॉ.अब्दुल्ला ने कहा कि सभी मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जा सकता है। आप देख रहे हैं कि युद्ध ने यूक्रेन का क्या किया। अमेरिका को कुछ नहीं हुआ। यूरोप आर्थिक रूप से टूट रहा है। कौन मारा जा रहा है, केवल यूक्रेन के लोग। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि कॉस्मेटिक उपायों से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब हम चीन से कुछ चरणों में कई बार बात कर सकते हैं तो पाकिस्तान के साथ क्यों नहीं सीमाएं खोलो ताकि हम कश्मीर का दूसरा हिस्सा देख सकें जो पाकिस्तान के पास है।

लव जिहाद पर कानूनी शिकंजे की तैयारी

# पहचान छिपाकर महिला से संबंध बनाना होगा अपराध

• **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मोदी सरकार ने लोकसभा में भारतीय दंड सहिता की जगह (आइपीसी) की जगह लेने के लिए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) विधेयक पेश किया है। अगर मौजूदा सरकार के कार्यकाल में पारित हो जाता है तो लव जिहाद पर कड़ा कानूनी शिकंजा हो जाएगा। अपराध साबित होने पर आरोपी को10 साल की सजा सुनाई जा सकती है।

- 10 साल की सजा का प्रावधान
- स्थायी समिति के पास भेजा गया

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो विधेयक लोकसभा में पेश किया है वह 1860 की भारतीय दंड संहिता की जगह ले लेगा। इसमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर विशेष ध्यान दिया गया है। पहली बार कपटपूर्ण तरीके से शादी, रोजगार, पदोन्नति और झूठी पहचान के वादे के तहत महिलाओं के साथ संबंध बनाना अपराध क श्रेणी में होगा। आइपीसी में अभी तक इसके लिए दंड का कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। लेकिन नए प्रस्तावित कानून में इसे अपराध की श्रेणी में लाया गया है। इसमें दोषी को 10 साल की कठोर सजा दी जाएगी और साथ ही जुर्माना भी लगाया जा सकता है। फिलहाल भारतीय न्याय संहिता विधेयक को संसद की स्थायी समिति के पास विचार के लिए भेज दिया गया है। इसकी रिपोर्ट आ जाने के बाद संसद में इसे चर्चा के लिए रखा जाएगा।

दिल्ली महिला आयोग ने दिए एक साल के आंकड़े

# हेल्पलाइन पर आई 6 लाख से ज्यादा कॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने शनिवार को कहा कि जुलाई 2022 से जून 2023 तक उसके हेल्पलाइन नंबर 181 पर 6.3 लाख से अधिक कॉल आई, जिनके आधार पर 92,004 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, आयोग को अन्य राज्यों से भी 11,000 से अधिक मामले प्राप्त हुए।

**सबसे ज्यादा घरेलू हिंसा की कॉल आई**

डीसीडब्ल्यू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दर्ज मामलों में, घरेलू हिंसा के सबसे ज्यादा 38,342 मामले हैं। इसके बाद पड़ोसियों के साथ झगड़ों के 9,516 मामले, बलात्कार और यौन उत्पीड़न के 5,895 मामले, पोक्सो के 3,647 मामले, अपहरण के 4,229 और साइबर अपराध के 3,558 मामले हैं। आयोग को गुमशुदगी की 1,552 शिकायतें मिलीं। दहेज उत्पीड़न के 2,278 मामले, चिकित्सकीय लापरवाही के 790, यौन तस्करी से संबंधित 156, अन्य तस्करी के 40 और बाल विवाह के 69 मामले दर्ज किए गए। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के 67 मामले, बाल श्रम के 66, अवैध शराब और नशीली दवाओं से संबंधित 63 और ऑनर किलिंग के 54 मामले मिले। आंकड़ों के अनुसार, सेवा से संबंधित 1,319 मामले, संपत्ति विवाद के 421 मामले, पुलिस उत्पीड़न के 354 मामले, आश्रय गृहों के लिए अनुरोध के 348 मामले, महिलाओं पर खतरनाक हमले के 298 मामले और चोरी के 235 मामले भी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, आयोग को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 58 शिकायतें और पुरुषों से 137 शिकायतें मिलीं।

### नरेला इलाके से सबसे ज्यादा मामले

क्षेत्रवार नरेला इलाके से सबसे ज्यादा 2,976 मामले आये। भलस्वा डेयरी से 1,651, बुराड़ी से 1,523, कल्याणपुरी से 1,371 और जहांगीरपुरी इलाके से 1,221 मामले आए। बलात्कार और यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों में शीर्ष पांच क्षेत्र बुराड़ी (175), नरेला (167), गोविंदपुरी (105), उत्तम नगर (89) और सुल्तानपुरी में (86) शामिल हैं। हेल्पलाइन पर दर्ज किए गए पोक्सो मामलों के संबंध में, शीर्ष पांच क्षेत्र नरेला में 141 मामले, भलस्वा डेयरी 91, समयपुर बादली 71, प्रेम नगर 68 और निहाल विहार 66 थे। नरेला में अपहरण के सबसे ज्यादा 209 मामले थे। इसके बाद भलस्वा डेयरी में 106, बुराड़ी में 75, बवाना में 71 और संगम विहार में 63 मामले थे। कल्याणपुरी में घरेलू हिंसा के सबसे अधिक 769 मामले दर्ज किए गए, इसके बाद बुराड़ी में 709 मामले, रणहौला में 685 मामले, भलस्वा डेयरी में 673 मामले और नरेला में 590 मामले दर्ज किए गए।

## सार-समाचार

### मंगल पाठ का किया आयोजन



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भेरुन्दा रानी सती दादी महिला मंडल द्वारा विगत दिनों रामादीश गार्डन में रानी सती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इंदौर से आए प्रसिद्ध भजन गायक सुरेश शर्मा एवं उनकी मंडली के द्वारा दादी के यश गान करते हुए सुंदर भजनों ने सभी महिला मंडल को खूब आनंदित किया। महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर के अग्रवाल समाज की समस्त महिला मंडल मोर्चे की पदाधिकारी सहित एवं सभी वर्गों की महिलाएं उपस्थित रही। महिला मंडल की सदस्य रमा गर्ग, सरोज अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, रीना अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल संगीता अग्रवाल ने बताया कि हम हर साल महिला मंडल द्वारा रानी सती दादा का पाठ करवाते हैं लेकिन कोरोना काल के बाद अब हमने बड़ा कार्यक्रम करवाया है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे।

### भागवत कथा में मनाई श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां

**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम करैयाहाट में श्रीमद भागवत कथा की रसधारा बह रही है। भागवत कथा के चतुर्थ दिवस दिन शनिवार को कथा वाचक पंडित मनोज शास्त्री महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जीव जब साधना करने बैठ जाता है तब संसार रूपी हथकड़ियां और पैरों की बे सबल बेड़िया टूट जाती है और प्रेम के दरवाजे खुल जाते हैं। उन्होंने आगे श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का बखान करते हुए कहा कि भगवान कभी जन्म नहीं लेते अवतार धारण करते हैं प्रकट होते हैं। उन्होंने देवकी वसुदेव प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया भक्तों का उद्धार करने के लिए भगवान को जेल में प्रकट होना पड़ा। लेकिन उनका लालन-पालन नंद गांव में हुआ। पुष्पों की होली खेलते हुए भक्तों द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की जीवंत झांकी सजाकर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव पर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया तथा मिठाई बांटकर खुशियां मनाई एवं श्री कृष्ण के जन्म पर बधाई व मिठाइयां बांटी। इस दौरान श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की घाटी में जमकर झूमे कथा विश्राम के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।



### फारेस्ट की जमीन के विवाद पर दो पक्षों में चली गोलियां, 2 घायल

मुरैना, देशबन्धु। जिले के निरार थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह जमीन विवाद पर दो पक्षों में जमकर फायरिंग हुई, जिसमें दोनों पक्ष के एक-एक व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर रेफर किया गया है। उक्त घटना से गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में रहने वाले पप्पू एवं मातादिन तथा रामलखन, सतवीर पूर्व में साथ में ही काम करते थे और उनके द्वारा लगभग 300 बीघा जमीन फॉरेस्ट की हड़पकर उस पर खेतीवाड़ी कर ली गई।

धीरे-धीरे उससे दोनों पक्षों की अच्छी आमदनी होने लगी तो जमीन को लेकर विवाद भी होने लगे। बताया जाता है कि पिछले 6 महीने से भी अधिक समय से दोनों पक्षों के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था तथा रामलखन ने पप्पू से कहा कि ज़मीन बांट लो, जिस पर से दोनों में रंजिश बन गई। इसी के चलते शनिवार की सुबह पप्पू और मातादीन तथा रामलखन, सतवीर का ग्रुप बंदूके एवं कट्टे लेकर आमने-सामने आ गए तथा जमकर फायरिंग की गई। इस फायरिंग में पप्पू का लड़का हरिओम तथा सतवीर का भाई बीरबल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जोड़ा अस्पताल ले जाया गया, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें ग्वालियर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सोच और कर्म से बनते हैं महान: रेखा दीदी



**बीना/मंडी बामोरा, देशबन्धु।** उसके सुनने की शक्ति, बोलने की शक्ति, सोने की शक्ति, खाने की शक्ति और फिर करने की शक्ति में समानता होना चाहिए। जो सोच, वही बोलें और जो बोले वह करके दिखाएं। इसको कहते हैं सोच, बोल और कर्म समानता। महापुरुषों के जीवन में यह गुण पाया जाता है इसलिए वह महान बन जाते हैं। स्वामी विवेकानंद को आज भी हम सभी इसलिए याद करते हैं कि उनकी सोच में जितनी महानता थी उतनी ही कर्म में भी थी। उन्होंने जो कहा वह कर दिखाया। यह चिंतन का विषय है कि आज युवाओं में स्वामी विवेकानंद जैसे व्यक्तित्व क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। आखिर कहां कमी है। जबकि पहले की अपेक्षा हमारा रहन सहन, शिक्षा, जीवन स्तर सबमें सुधार हुआ है। इसकी यदि गहराई में जाएं तो एक ही मूल बात निकल कर आती है कि हम अपनी जड़ों से, मूल्य और आध्यात्मिक विरासत से दूर होते जा रहे हैं। यह बात युवा प्रभाग की जोनल को.ऑर्डिनेटर बीके रेखा दीदी ने कही। खुरई से आईं बीके किरण दीदी ने कहा कि अच्छे विचारों को अपने जीवन में धारण करने हैं। जो बुरे विचार आते हैं उनको एक किनारे कर देना है। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ शिक्षक जगदीश त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी परमात्मा के बच्चे हैं। परमात्मा का ध्यान लगाएंगे तो आपके अंदर दिव्य ऊर्जा आएगी। मैंने भी इसी स्कूल से पढ़ाई की है। हमें दुनिया की बातों में नहीं पढ़ना है, जो आपके लिए उसे परमपिता परमेश्वर ने नियत कर रखा है अपनी योग्यता प्रतिपादित कीजिए। सरपंच दामोदर राय ने कहा कि मैं चाहूंगा अगर सहयोग मिले और अपने-अपने घर को स्वच्छ रखें तो मेरा नगर स्वच्छता में नंबर वन बन जाएगा। हर माता-पिता यही चाहते हैं कि मेरा बेटा राजा की तरह रहे। शिक्षा ग्रहण करें। तो माता-पिता का सम्मान करें और देश के लिए काम करें। युवा प्रभाग की क्षेत्रीय समन्वयक बीके जानकी दीदी, प्रतिनिधि नवीन पालीवाल, शिक्षक राजमणि दुबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## आज का सशक्त और सकारात्मक युवा स्वर्णिम भारत का निर्माता हैः कल्पना बहिन



**मालथौन, देशबन्धु।** नगर में प्रजापित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि और आचार्य विद्यासागर ज्ञान पीठ के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में खुला मंच का आयोजन किया गया। जिसमें बीके कल्पना दीदी के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि आप सब बच्चे आने वाले भारत के नव निर्माता बनने की शक्ति रखते है क्योंकि युवा शब्द को उल्टा कर दिया जाए तो वह वायु बन जाता है और अगर वायु अपनी सीमा और दिशा में चलती है तो वो प्राण दायनी होती है पर यदि यही वायु अपनी सीमा को तोड़ कर दिशाहीन हो जाये तो वही विनाशकारी भी साबित होती है। इसी तरह आज के युवाओं को अगर अपनी सही शक्तियों और क्षमताओ का ज्ञान हो जाये तो वे भी अपने समाज, देश और पूरे विश्व को स्वर्ग बना सकता है। आज भारत मे कुल जनसंख्या में सबसे ज्यादा युवा वर्ग है और ये युवा वर्ग चाहे तो कुछ भी कर सकता है पर आज के युवा अपनी शक्तियों को नकारात्मक चीजों जैसे व्यसन ओर फैशन में नष्ट कर रहे है तो कही सार्वजनिक चीजो की तोड़ फोड़ में अपनी शक्तियों को गवा रहे है। शाला प्राचार्य आनंद कुमार जैन, सीएल सोनी, जितेंद्र सोनी, विनय सेन, वैभव जैन, नीरज जैन और सुभी जैन सहित शाला के सैकड़ो प्रतिभावान बच्चे शामिल हुए।

## युवा मजबूर नहीं मजबूत बने, होश और जोश में विवेक बनाए रखें: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** युवा मजबूर नहीं मजबूत बने। भगवान को मानने के साथ ही, भगवान की कही बातें भी माने। आत्मविश्वास निरंतर बढ़ाकर, व्यक्तित्व विकास की यात्रा जारी रखें। सफलता पूछने से नहीं, जूझने से मिलती है। हार तो हमें यह सिखलाती है, कि अगली बार क्या ना किया जाए, यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा युवा होश और जोश में विवेक बनाए रखें। हर श्रेष्ठ कार्य में पहल करें, पहले करें और पूरी ताकत से करें। अपनी शक्ति, त्याग धर्म में लगाएं। श्रेष्ठ विचार रखें क्योंकि विचार भी उपचार का काम करते हैं। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया की अंकुर कॉलोनी में युवा दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम मनाया जा रहा है। आज युवाओं एवं युवतियों ने पूजन संपन्न की मुनि संघ के जीवन उपयोगी सूत्र को जीवन में धारण की भावना प्रकट की। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर आज रविवार को देश का युवा कैसा हो विषय पर दोपहर में संगोष्ठी एवं युवाओं का सम्मान पत्रिका विमोचन कार्यक्रम युवक-युवतियों द्वारा दोपहर 2 बजे से श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में मुनि संघ के मार्गदर्शन सानिध्य में संपन्न होगा।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर कांग्रेसियों को पुलिस ने किया नजरबंद

**सागर, देशबन्धु।** संत रविदास जी महाराज के भव्य मंदिर निर्माण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सागर आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चाक चौबंद नजर आया। किसी तरह से कांग्रेसी कोई आंदोलन या विरोध प्रदर्शन ना कर पाए इसलिए उन्होंने जगह-जगह कांग्रेसियों को थाने में नजर बंद कर दिया। या औपचारिक गिरफ्तारी कर थाने में बिठा लिया। थाना कैंट सागर में पुलिस द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदोस कुरेशी, निखिल चौकसे जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस सागर, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी रीतेश रोहित, युवक कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष सिकंदर राईन, जिला महासचिव युवक कांग्रेस नरेश राय, जिला महासचिव यूथ कांग्रेस रोहित चौधरी, शुभम तिवारी, दुष्यंत अहिरवार, विशाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं को थाना कैंट में तब तक बिठा कर रखा गया जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम समाप्त कर वापस नहीं हो गए। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष फिरदौस कुरैशी का कहना है कि प्रदेश में भाजपा सरकार का जाना तय है। सरकार पुलिस प्रशासन को सामने लाकर सच्चाई को रोकने का प्रयास कर रही है सरकार की तानाशाही को जनता समझ चुकी है। कांग्रेस अब रुकने वाली नहीं है जनता विधानसभा में कांग्रेस का परचम जरूर लहराएगी।

## विश्व पुस्तकालय दिवस पर मकरोनिया में संगोष्ठी संपन्न



**मकरोनिया, देशबन्धु।** विश्व पुस्तकालय दिवस के अवसर पर मकरोनिया में पुस्तकालयों में किताबों की उपादेयता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी के निवास पर उनके पुस्तकालय में रखी पुस्तकों का पूजन एवं स्वाध्याय किया गया। प्रमुख वक्ता अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पं. महेश दत्त त्रिपाठी ने अपनें चर्चित काव्य ग्रंथ सोंधी माटी में वर्णित रचना किताबें सुनाते हुए कहा कि किताबें ही सूरज हैं, चांद हैं, दीपक हैं, जुगनू हैं। पुस्तकें हमसे बात करती हैं। आज स्कूल कालेजों में पुस्तकालय हैं, पर वे क्रियाशील नहीं हैं। यह चिंता का विषय है। संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी ने कहा कि जीवन में मुक्ति सिद्धि दाता पुस्तकें ही हैं। जिनमें महापुरुषों की जीवन गाथा के साथ ही वीरों की शौर्य गाथा से हम सबका परिचय कराती हैं। संगोष्ठी में पुस्तकालय प्रेमी आशीष आठिया, मुन्नालाल रजक, इंद्रेश भार्गव, कृष्ण कुमार राय, रामलखन श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल बुखार से बचाव के लिए अपने आस पास साफ सफाई रखेः सीएमएचओ

**सागर, देशबन्धु।** मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल बुखार के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस पास सम्पूर्ण साफ सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू चिकनगुनिया और मौसमी बीमारी, बायरल बुखार जैसे रोगों के फैलने की संभावना होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी ने जन सामान्य से अपील की है कि वे अपने रहवासी परिसर के आस पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुएं जैसे प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डब्बे, नारियल के खोलए इत्यादि को नष्ट किया जावे, कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें, पानी के निकासी की तत्काल व्यवस्था की जावे। पानी की निकासी संभव न होने की स्थिती में वहां जले हुए ऑयल, मिट्टी के तेल का छिड़काव करें। उपयोग किये जाने वाले पानी के पात्र जैसे टंकी, बालटी, टब, ड्रम इत्यादि को ढक कर रखें। मच्छर रोधी क्वाइल या लिक्विड आदि का इस्तेमाल करे। दरवाजों, खिड़कियों में मच्छर रोधी जालियां लगवायें आदि आदि मच्छरों से बचने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय अपनाये जायें।

## संत रविदास की समरसता यात्रा के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगितायें सम्पन्न



**सागर, देशबन्धु।** पं.दीनदयाल उपाध्याय शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.संजीव दुबे के मार्गदर्शन जन भागीदारी अध्यक्ष नितिन शर्मा के परामर्श एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गोपा जैन की अध्यक्षता में संत रविदास की समरसता यात्रा के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगितायें भाषण, निबन्ध, चित्रकला और गायन आयोजित की गयी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सरोज गुप्ता ने संत रविदास के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण दिया। संचालन डॉ. राना कुंजर सिंह ने किया तथा आभार डॉ. भरत शुक्ला द्वारा व्यक्त किया गया। जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं मे गायन प्रतियोगिता में प्रथम रुचि पटेल शास कन्या महाविद्यालय सागर, द्वितीय अनिरुद्ध प्रताप सिंह शास.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, तृतीय स्थान पर वन्दना कुशवाहा शास. महाविद्यालय बांदरी। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निशा कोरी शास कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, द्वितीय भारती कुर्मी शास. पीजी कालेज गढ़ाकोटा, तृतीय स्थान पर माही प्रजापति शास. कन्या महाविद्यालय सागर। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम दुर्गा देवी अहिरवार शास. कन्या महाविद्यालय सागर, द्वितीय फैजान खान शास. पीजी कालेज गढ़ाकोटा, तृतीय स्थान पर विशाल सिंह ठाकुर शास. महाविद्यालय मकरोनिया सागर। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम हार्दिक जैन शास. पीजी कालेज गढ़ाकोटा, द्वितीय निशा कोरी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर, तृतीय स्थान पर मनोहर कुर्मी शास महाविद्यालय रहली रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ मेम्बर्स और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा की पूजा आरती कर जल लेकर कावड़ यात्री निकले सागर की ओर



**सागर, देशबन्धु।** तुलसी फाउंडेशन के तत्वाधान में निकाली जा रही है कावड़ यात्रा 11 अगस्त को बरमान पहुंची, सभी कावड़ यात्रियों ने 12 अगस्त को सुबह मां नर्मदा जी की आरती कर नर्मदा जल भरकर बरमान से सागर के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ की 14 अगस्त को कावड़ यात्री सागर में प्रवेश करेंगे। तुलसी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप राजोरिया ने बताया कि कावड़ यात्रा बरमान से जल भरकर 12 अगस्त को देवरी में विश्राम करेगी। तत्पश्चात 13 अगस्त को तुलसी फाउंडेशन की कावड़ यात्रा देवरी से सुरखी के लिए प्रस्थान करेगी। 14 अगस्त को सागर में प्रवेश करने पर समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ से बस स्टैंड स्थित वृंदावन बाग मंदिर से दोपहर 3 बजे शोभा यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## विधि एवं मानव अधिकार विभाग की पहली बैठक सम्पन्न

### विधिक विमर्श में शामिल होने अधिवक्ता भोपाल जायेगे



**सागर, देशबन्धु।** मप्र कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार विभाग जिला सागर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डॉ. अंकलेश्वर दुबे एवं जबलपुर से पधारे प्रभारी द्वय विकास मिश्रा तथा पुष्पेंद्र दुबे थे। बैठक की अध्यक्षता विधि एवं मानव अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवराज लड़िया ने की। इस अवसर पर 19 अगस्त को भोपाल में होने जा रहे विधिक विमर्श मे सागर से अधिक से अधिक अधिवक्ता शामिल हो इस हेतु चर्चा की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष एवं नव गठित कार्यकारिणी का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। प्रभारी विकास मिश्रा ने कहा की विधि एवं मानव अधिकार विभाग कांग्रेस का महत्वपूर्ण संगठन है। मुख्य अतिथि डॉ. अंकलेश्वर दुबे ने कहा कि विधिक विमर्श में अधिवक्ताओं के हित में पांच सूत्रीय मांगे रखी जा रही है। प्रभारी पुष्पेंद्र दुबे ने सभी को भोपाल आने का आमंत्रण दिया। अध्यक्षता कर रहे शिवराज लड़िया ने कहा मैं अपने अधिवक्ता साथियों के सहयोग से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कृत संकल्पित हूं। संचालन एवं आभार लक्ष्मी नारायण सोनकिया ने माना। इस अवसर पर आशीष ज्योतिषि, अखिलेश मोनी केशरवानी, सुनील भदौरिया, रजनी ठाकुर, राधा कृष्ण व्यास, अरविंद नेमा, आलोक प्यासी सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## विधायक लारिया ने प्रधानमंत्री सहित विधानसभा क्षेत्रवासियों का किया आभार व्यक्त

**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र के बडतूमा में 100 करोड़ की लागत से बनाये जाने वाले संत रविदास स्मारक का भूमिपूजन करने आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। साथ-साथ ढाना में आये हुये आमसभा में पधारे सभी विधानसभा क्षेत्रवासियों, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं का भी आभार माना। विधायक लारिया ने कहा कि सागर में सामाजिक समरसता के प्रतीक महाकुंभ और संत रविदास स्मारक के भूमिपूजन की जो आधारशिला रखी गई है। उसके लिये मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करता हूं। संत रविदास सामाजिक बुराईयों को दूर करने वाले महान संत थे। उन्होंने जात पात से उपर उठकर समाज में सामाजिक समरसता का संदेश दिया। आज सागर में एक तरह से समरसता का महासागर समाया है।

## रिश्वत लेने वाले पटवारी को सजा, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान और बैनामा पास कराने के एवज में मांगी थी रिश्वत

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान और बैनामा पास कराने के एवज में रिश्वत लेते हुए पकड़े गए पटवारी को अदालत ने सजा सुनाई है। प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश आलोक मिश्रा की कोर्ट में हुई। न्यायालय ने प्रकरण में सुनवाई करते हुए पटवारी रामराज चौधरी को दोषी पाते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्याम नेमा ने की। अभियोजन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि 9 सितंबर 2019 को आवेदक धर्मेंद्र चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर को शिकायत की थी। शिकायत में बताया था कि हल्का सहजपुर मौजा समनापुर में उसकी पत्नी बबीता चौरसिया के नाम पर भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का बैनामा व विक्रय पत्र पास करवाने, बंदी भू.अधिकार एवं ऋण अधिकार पुस्तिका बनवाने और उसकी व उसके पिता हीरालाल की भूमि की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि का भुगतान कराने के एवज में पटवारी रामराज चौधरी ने प्रत्येक कार्य करवाने के एवज में 2 हजार रुपए कुल 6 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। लेकिन वह रिश्वत नहीं देना चाहता था। जिसके बाद उसने लोकायुक्त कार्यालय सागर में शिकायत की। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाई गई। जिसके बाद लोकायुक्त टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम ने शिकायतकर्ता धर्मेंद्र को रिश्वत की राशि लेकर भेजा। उसने पटवारी रामराज चौधरी को रिश्वत की राशि 6 हजार रुपए दी। इशारा मिलते ही लोकायुक्त की टीम ने मौके पर पहुंचकर पटवारी को रिश्वत की राशि के साथ रंगेहाथ धरदबोचा। मामले में कार्रवाई करते हुए पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया। जांच पूरी होने पर कोर्ट में चालान पेश किया। न्यायालय ने मामले में सुनवाई शुरू की। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने प्रकरण से जुड़े साक्ष्य और दस्तावेज पेश किए। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर पटवारी आरोपी रामराज चौधरी को सजा सुनाई है।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय ध्वज निर्माण प्रतियोगिता संपन्न

**घुवारा, देशबन्धु।** नगर के फूलचंद्र जैन मोन्यूमेंट विद्यालय समूह के दोनो विद्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज निर्माण प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमे दो सो पचास से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम में जहां बच्चों ने एक से एक मॉडल तैयार किए, तो वहीं उसको मौखिक रूप से प्रस्तुतिकरण भी दिया। आज के कार्यक्रम में कक्षावार बच्चों के समूह बनाकर उनकी प्रतिभा को उजागर करने के साथ साथ देश प्रेम की भावना जागृत करना भी था। कार्यक्रम के उपरांत समूहवार निर्णायक मंडल ने बच्चों का एकल मूल्यांकन कर बच्चों को वरीयता प्रदान की। सभी बच्चों को सोमवार को परितोसक वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। संस्था के सह प्रबंधक अमन अक्रांत जैन ने बतलाया की जहां संपूर्ण देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो विद्यालय का प्रयास है की हर एक बच्चा इस महोत्सव का किसी न किसी रूप में हिस्सा बने और भविष्य में देश का जागरूक नागरिक बने।



### स्कूल में हुआ पौधरोपण

**छतरपुर, देशबन्धु।** बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से शहर के ग्रीन फील्ड इंग्लिश स्कूल में शनिवार को अध्यापकों और बच्चों ने पौधरोपण किया। स्कूल संचालक शाहिद खान ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बच्चे स्वयं पौधे लेकर स्कूल आए थे। पौणरोपण को लेकर बच्चो में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में बच्चो को पर्यावरण की जानकारी देकर उन्हें इसके संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया

**गौरिहार, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बदौरा में गत दिवस मेरी माटी-मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया गया। ग्राम के मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण के बगल में जनपद उपाध्यक्ष अमित बाजपेई की उपस्थिति में सरपंच, सचिव, सहायक सचिव, ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों ने पौधरोपण के बाद वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शहीद जवानों का स्मरण कर उनके परिवारों को सम्मानित भी किया गया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कोरोना योद्धाओं का सम्मान भी कार्यक्रम के दौरान हुआ। इस मौके पर सरपंच फूलमती, सचिव मुखविन्द्र पाठक, सहायक सचिव राजेश सिंह राय, विनोद बाजपेई, वीरू चतुर्वेदी, सुशील शर्मा, संतोष शर्मा, देवेन्द्र, विकास, श्यामू दीक्षित, अतुल, जयपाल शर्मा, भोला अहिरवार, सुरज दयाल श्रीवास, छोटे अहिरवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महिला डॉक्टर की लापरवाही आई सामने

# जन्म से पहले जुड़वा बच्चों की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल में पदस्थ महिला चिकित्सक द्वारा एक गर्भवती महिला के उपचार में लापरवाही किए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। बताया गया है कि गर्भवती महिला का पिछले कई महीनों से महिला चिकित्सक के निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा था। जब प्रसव का समय आया तो महिला चिकित्सक द्वारा परिजनों से मोटी रकम मांगी गई और जब परिजन यह रकम नहीं दे पाए तो महिला चिकित्सक ने गर्भवती महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। जिला अस्पताल में समय पर इलाज न मिलने के कारण महिला के पेट में पल रहे जुड़वा बच्चों की मौत हो गई जिन्हें करीब 5 दिन तक जिला अस्पताल में बाहर नहीं निकाला गया। इस मामले में जब परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष ने हस्ताक्षेप किया तब जाकर महिला का ऑपरेशन कर उसके गर्भ से मृत बच्चों को बाहर निकाला गया।



**यह है मामला :** प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सटई रोड पर छुई खदान इलाके में रहने वाले महेन्द्र दीक्षित की पत्नी रामश्री दीक्षित का पिछले 5 माह से जिला अस्पताल में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गायत्री नामदेव के घर पर स्थित उनके निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। दीक्षित परिवार के मुताबिक जब रामश्री दीक्षित के प्रसव का समय आया तो डॉ. गायत्री नामदेव द्वारा अपने अस्पताल में प्रसव कराने के एवज में मोटी रकम मांगी गई। चूंकि परिवार यह रकम देने में असमर्थ था इसलिए डॉ. गायत्री नामदेव ने उन्हें रामश्री का प्रसव जिला अस्पताल में कराने का सुझाव दिया। मजबूरन परिजन रामश्री को जिला अस्पताल लाए थे।

जिला अस्पताल में जांच के बाद बताया गया है कि रामश्री के गर्भ में जुड़वा बच्चे थे जिनकी मौत हो चुकी है। आगे के उपचार हेतु परिजन लगभग 5 दिन तक जिला अस्पताल में ही परेशान होते रहे लेकिन न तो डॉ. गायत्री नामदेव ने उनकी मदद की और न ही जिला अस्पताल के अन्य चिकित्सकों ने। जब यह जानकारी परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा को मिली तो उन्होंने तत्काल सिविल सर्जन से फोन पर बात कर उन्हें मामले से अवगत कराया, तब जाकर सिविल सर्जन ने मामले को संज्ञान में लिया और रामश्री का ऑपरेशन कराया गया।

### औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दो दर्जन चिकित्सक




#### जारी किए गए नोटिस

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला अस्पताल से लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और मरीजों के उपचार में लापरवाही की शिकायतों के बाद शुक्रवार की शाम को कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के निरीक्षण के वक्त जिला अस्पताल में पदस्थ दो दर्जन चिकित्सक अनुपस्थित मिले, जिन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ. जीएल अहिरवार को दिए हैं।डॉ. जीएल अहिवार ने बताया कि शाम करीब साढ़े 5 बजे कलेक्टर जिला अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में उन्होंने सफाई व्यवस्था, चिकित्सकों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। इस दौरान क्लास-1 और क्लास-2 के कुल 24 चिकित्सक अनुपस्थित थे जिन्हें कलेक्टर के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलेगा तो कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने जिला अस्पताल में परिसर में चल रहे निर्माण कार्य का भी मुआयना किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

## ग्राम सुनाटी में करंट लगने से भैंस की मौत



**नौगांव, देशबन्धु।** नौगांव थानांतर्गत गरौंली चौकी क्षेत्र के सुनाटी गांव में विद्युत करंट लगने से एक भैंस को मौत हो गई। मामले की शिकायत करते हुए पीड़ित पक्ष ने पुलिस चौकी में आवेदन देते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

ग्राम सुनाटी में शनिवार की सुबह 10.00 बजे के लगभग जब कुंजीलाल पाल अपनी भैंसों को लेकर खेत पर जा रहा था, तभी माध्यमिक स्कूल के थोड़ी पहले बल्लू यादव के खेत के पास भैंस किनारे किनारे पर चरते हुए जा रही थी, तभी अचानक गिरकर तड़पने लगी एक तार भैंस की गर्दन से छुआ और भैंस ने थोड़ी ही देर में प्राण छोड़ दिए। सरपंच ने पंचनामा बनवाकर मामले की शिकायत चौकी में करते हुए विद्युत विभाग के खिलाफ कार्यवाई करने आवेदन दिया है।

विद्युत कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही हो सकता था बड़ा हादसा

कुलदीप पाल एवं अन्य ग्रामीणों के अनुसार अनुसार सुनाटी गांव से माध्यमिक स्कूल के लिए लाइन गई हुई है। लेकिन पिछले 1 वर्ष पूर्व 1 खम्मा टूट गया था खम्मा तो दोबारा लग गया है, पर 1 वर्ष से विद्युत लाइन छेवला के पेड़ों के सहारे स्कूल तक गई है।

विद्युत कर्मियों ने पिछले एक वर्ष से लाइन को खंबे से नहीं लगाया जिसकी कीमत कुंजीपाल को आज अपनी भैंस गवा कर चुकानी पड़ी। क्योंकि लाइन के पेड़ों के सहारे माध्यमिक शाला तक गई है। जिसमें जगह-जगह कट हैं, नंगे तार निकले हुए हैं। बल्लू यादव के खेत के पास लाइन का तार खेत की फेंसिंग के तार से छू गया और पूरी फेंसिंग जो की माध्यमिक स्कूल तक जाती है,पूरी फेंसिंग में करंट आ गया, चूंकि बच्चे भी इसी रोड से जाते हैं और करंट स्कूल की बाउंड्री तक फैला और बड़ा हादसा बाल-बाल बच गया कहीं बच्चे इसकी जद में आ जाते तो क्या होता। ग्रामीणों ने इन लापरवाह विद्युत कर्मियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

### व्याख्यान माला का आयोजन

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुस्तकालय के जनक डॉ. एसआर रंगनाथ की जयंती पर श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस मनाते हुए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर पुस्तकालय विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तोरण साहू ने कहा कि एसआर रंगनाथन ने कोलन वर्गीकरण तथा क्लासीफाइड केटलाग कोड बनाया। पुस्तकालय विज्ञान को महत्व प्रदान करने तथा भारत में इसका प्रचार-प्रसार करने में इनका सक्रिय योगदान था। सह-प्राध्यापक डॉ. सविता सिंह ने कहा कि जीवन में पुस्तकों का विशेष महत्व है किताबों का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि वह रोजगार देती हैं बल्कि इसलिए है कि किताबें हमें जीवन जीने की राह दिखाती हैं। किताबों को पढने से बुद्धि और विवेक दोनों प्राप्त होते हैं और यही वो हथियार हैं जिससे आप समाज की दशा और दिशा दोनों बदल सकते हैं। सहायक प्राध्यापक कु. आस्था जैन ने ई लाइब्रेरी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ई-लाइब्रेरी का अर्थ एक ऐसी लाइब्रेरी से है जहां पर डिजिटल रूप से सूचना और अध्ययन सामग्री एक्सेस की जाती है। इस व्याख्यान माला का संचालन स्वाति अरजरिया ने किया और आभार संगीता निगम ने व्यक्त किया।

## खजुराहो विमानतल पर प्रधानमंत्री का हुआ स्वागत



**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को दोपहर 1.45 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। छतरपुर जिले के प्रभारी एवं एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, मिनिस्टर इन वेटिंग खनिज मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की आगवानी की। छतरपुर जिले के विधायकगण सर्वश्री प्रद्युम्न सिंह लोधी, राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती ललिता यादव, अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी स्वागत किया।

प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी नई दिल्ली से विशेष विमान से खजुराहो विमानतल पहुंचे। इसके उपरांत भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से सागर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हुए। शाम 5. 20 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को नई दिल्ली प्रस्थान करते समय खजुराहो विमानतल पर भावभीनी विदाई दी गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी शनिवार शाम 5.20 बजे खजुराहो विमानतल से विशेष विमान द्वारा नई दिल्ली रवाना हुए।

## पार्षद और उपाध्यक्ष के बीच नोंक-झोंक हुई, बैठक में हुआ हंगामा




**हरपालपुर, देशबन्धु।** विगत रोज नगर परिषद में आयोजित की गई बैठक सुर्खियों में रही। दरअसल लगभग ढाई घंटे तक चली इस बैठक के दौरान नगर में सांसद निधि से बनाए जा रहे विवाह घर के निर्माण में ठेकेदार द्वारा अतिरिक्त व्यय किए जाने को लेकर पार्षद और उपाध्यक्ष के बीच नोंक-झोंक हुई। वहीं कई पार्षदों ने यह आरोप लगाया कि ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने की मंशा से नपा के अधिकारी-कर्मचारी परिषद को गुमराह कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में 10 बिंदु रखे गए थे जिसमें मुख्य बिंदु जनप्रतिनिधियों के मानदेय को बढ़ाने का था। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस समारोह पर भी चर्चा हुई। इसके बाद नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक के आठवें बिंदु के अंतर्गत सांसद निधि से बनाए गए विवाह घर के निर्माण पर होने वाले अतिरिक्त व्यय तथा इसके भुगतान को लेकर उपाध्यक्ष रोशनी तिवारी और पार्षद कीर्ति अग्रवाल के बीच नोक-झोंक हुई।

उल्लेखनीय है कि सांसद निधि से बनाए गए विवाह घर की ठेकेदार फर्म आरके बिल्डकॉन उपाध्यक्ष के पति द्वारा संचालित फर्म है। उक्त विवाह घर के निर्माण हेतु सांसद निधि से 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इसी विवाह घर को लेकर पूर्व सीएमओ शीतल भलावी और आरके बिल्डकॉन के बीच में भी काफी विवाद रहा। निकाय चुनाव पूर्व से ही ठेकेदार सांसद निधि के अलावा अतिरिक्त राशि की मांग कर रहे थे लेकिन तत्कालीन सीएमओ ने अतिरिक्त राशि देने से यह कहते हुए मना कर दिया था कि सब इंजीनियर के फर्जी हस्ताक्षर कर अतिरिक्त राशि मांगी जा रही है। हालांकि परिषद की एक बैठक में विचार-विमर्श के बाद इस राशि को बढ़ाकर 42 लाख कर दिया गया था। इसी विषय को लेकर परिषद की बैठक में उपाध्यक्ष और पार्षद के बीच नोंक-झोंक हुई और अंततः इस बिंदु को आगामी बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया। परिषद की बैठक में मौजूद सीएमओ प्रताप सिंह खेंगर भी सही जानकारी नहीं दे सके जिससे पार्षदों की नाराजगी और अधिक बढ़ गई। बैठक में नगर विकास के मुद्दों पर अध्यक्ष और पार्षदों ने सामान्य रूप से स्वीकृति प्रदान की।

## तेज रफ्तार टैक्सी और ट्रैक्टर में भीषण भिड़ंत, 7 घायल

### हालत खराब होने पर 3 गंभीर रूप से घायल

*नौगांव, देशबन्धु। शहर से गुजरे गर्रोली टीकमगढ़ स्टेट हाईवे पर शनिवार की सुबह उत्तर प्रदेश के खमा गांव में तेज रफ्तार टैक्सी और ट्रैक्टर में भीषण भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में टैक्सी में सवार सहित 7 लोग घायल हो गए। राहगीरों एवं पुलिस की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से 3 घायलों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। तो वहीं पुलिस ने दोनों वाहनों को पुलिस थाना परिसर में रखवा कर कार्यवाई शुरू कर दी है।*



*थाना क्षेत्र के गर्रोली गांव से शनिवार की सुबह एक तेज रफ्तार तीन पहिया की टैक्सी पढ़ने वाले छात्रों सहित अन्य को लेकर नौगांव तरफ आ रही थी, तो वहीं नौगांव तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर गर्रोली में लगे रेत भंडारण से रेत भरने जा रहा था। तभी गर्रोली टीकमगढ़ स्टेट हाइवे पर उत्तर प्रदेश के खमा गांव के पास छात्रों से भरी टैक्सी एवं ट्रैक्टर में भीषण भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन की भिड़ंत इतनी जोरदार हुई कि टैक्सी आगे से अंदर घुस गई और ट्रैक्टर का अगला पहिया निकलकर फिक गया। दोनों की भिड़ंत में टैक्सी सवार दशरथ पाल, धीरेंद्र सिंह निवासी गर्रोली, पियूष राजपूत, नीरज कुशवाहा उम्र 17 वर्ष, प्रदीप अनुरागी उम्र 20 वर्ष, नीरज जोशी सहित एक अन्य अज्ञात युवक घायल हो गया। राहगीरों एवं मौके पर पहुंची थाना पुलिस की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर गौरव त्रिपाठी, डॉक्टर सौरभ मिश्रा सहित अन्य डॉक्टर की टीम ने घायलों का त्वरित इलाज किया। इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दशरथ पाल, धीरेंद्र सिंह सहित एक अन्य अज्ञात युवक को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जप्त करके पुलिस थाना परिसर में रखवाया है। तो वहीं पुलिस ने उक्त मामले में कार्यवाई शुरू कर दी है।*

***टैक्सी में सवार युवक नौगांव पढ़ने जा रहे थे :*** *गर्रोली निवासी दशरथ पाल, धीरेंद्र सिंह उम्र 38 वर्ष, पियूष राजपूत, नीरज कुशवाहा उम्र 17 वर्ष नौगांव कोचिंग पढ़ने जा रहे थे, तो वहीं प्रदीप अनुरागी उम्र 20 वर्ष निवासी गर्रोली कंप्यूटर की कोचिंग तो नीरज जोशी बीएससी में अध्यनरत है, टैक्सी में सवार होकर नौगांव आ रहा था।*

***ट्रैक्टर का पहिया निकलकर फिंका, स्कूल जा रही छात्रा के साइकिल पर गिरा, बाल बाल बची :*** *जिस समय ट्रैक्टर टैक्सी की भिंडत हुई। उस समय खमां निवासी एक छात्रा साइकिल पर सवार होकर स्कूल जा रही थी, तभी ट्रैक्टर का पहिया निकलकर छात्रा की साइकिल से जा लगा। पहिया लगने से छात्रा साइकिल सहित सड़क किनारे स्थित खाई में जा गिरी। जिससे छात्रा की साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं छात्रा बाल बाल बच गई।*

## समस्याएं सुनीं, सहायता राशि और निर्माण कार्यों का ऐलान किया



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा इन दिनों छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में जनदर्शन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इन्हीं चौपालों के अंतर्गत उन्होंने बीती शाम जहां छतरपुर शहर के कुछ वार्डों में चौपालें लगाईं तो वहीं शनिवार को नैगुवां, पड़रिया में चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर उन्होंने कई घोषणाओं के साथ निर्माण कार्यों का ऐलान किया।

विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल एवं सियाराम रावत ने बताया कि विधायक श्री चतुर्वेदी के द्वारा बीती शाम वार्ड क्रमांक 12 में जनता की चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस मौके पर उन्होंने यहां बनने जा रहे रविदास मंदिर के लिए एक लाख रूपए देने का ऐलान किया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि एक खंभे में कई दिनों से करंट आ रहे है जिसके कारण कई पशुओं की जान जा चुकी है। इस समस्या को सुनकर विधायक ने मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल समस्या का समाधान कराया। शनिवार को श्री चतुर्वेदी ने सबसे पहले ग्राम नैगुवां के नाथपुरवा में चौपाल लगाई और यहां पानी की व्यवस्था के लिए 50 हजार रूपए की राशि देने का ऐलान किया। नैगुवां में ही बनने जा रहे रामजानकी मंदिर में 50 बोरी सीमेंट, यहां की अनुसूचित जाति की बस्ती में समाज भवन निर्माण की घोषणा की। तदोपरांत श्री चतुर्वेदी ने ग्राम पड़रिया में काशीराम अहिरवार को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रूपए की राशि देने का ऐलान किया। विधायक की इन चौपालों के दौरान अवधेश सोनकिया, नरेश तिवारी, राममनोहर दुबे, मनोहर यादव, पंकज मिश्रा, मुकेश रावत, काशीराम अहिरवार, विजय रावत, सुमित पारासर, बागडराजा उपस्थित रहे।

## हजारा भरकर अध्यक्ष ने की क्षेत्र में खुशहाली की प्रार्थना

### शिवलिंग निर्माण के साथ हुई प्राण-प्रतिष्ठा

*खजुराहो, देशबन्धु। पर्यटन नगरी खजुराहो की विद्याधर कालोनी स्थित मंशापूरण माता मंदिर परिसर में शिवभक्तों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण करते हुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए शिवलिंग स्थापना के लिए हजारा भरकर शिवजी का अभिषेक किया। मंशापूरण देवी मंदिर परिसर में न.प. अध्यक्ष पप्पू अवस्थी द्वारा शिवलिंग स्थापना करवाई है। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत दिनांक 10 अगस्त से 15 अगस्त तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 12 अगस्त को संगमरमर से निर्मित शिवलिंग स्थापना के लिए विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रों के बीच हजारा भरकर अभिषेक किया गया। शिवभक्तों का मानना है कि हजारा भरने से भगवान महादेव प्रसन्न होते हैं तथा क्षेत्र में पर्याप्त जलवर्षा होती है साथ ही सुख समृद्धि आती है। इस अवसर पर रजत अग्रवाल, कल्याण सिंह, गौरव अग्रवाल, कपिल सोनी, रिंकू गुप्ता, संतोष अवस्थी, अर्जुन पंडित, भइया अवस्थी, सुरेश अग्रवाल, रामप्रताप दीक्षित, संजय प्रताप सिंह, श्रीकांत मिश्रा सहित कालोनी की सभी माताएं, बहिनें तथा शिवभक्त शामिल हुए।*



***क्या है हजारा भरना :*** *महादेव को प्रसन्न करने के लिए शिवभक्ति का धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें मिट्टी के घड़े में एक हजार छेद करके शिवलिंग के ऊपर रखकर उसमें शिवभक्तों द्वारा लगातार जल भरा जाता है, जब घड़े के छेदों से जल निकलने के बाद भी पात्र पूरा भर जाता है तो धार्मिक अनुष्ठान पूरा माना जाता है।*

**कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर-संभाग, सागर ( म.प्र. )**
ई-मेल jddpisag-mp@nic.in दूरभाष क्रमांक-07582-240404
पता-शास.एम.एल.बी. स्कूल क्र.1 के बाजू में गोपालगंज, सागर -470001
क्रमांक/कीड़ा/गणवेश/निविदा/2023/4711 सागर, दिनांक 09.08.2023

**निविदा सूचना**

राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 हेतु सागर संभाग के आयु-14,17,19 वर्ष के खिलाड़ियों की खेल गणवेश (टीशर्ट, निकर,लोअर, जूता, मौजे) क्रय की जाना है, इस हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 11.08.2023 से दिनांक 21.08.2023 तक कार्य दिवसों के कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से निविदा फार्म व निविदा की शर्ते निर्धारित शुल्क 100.00 रू., जमा करके प्राप्त कर सकते हैं।

निविदा शर्तो के अधीन नियमानुसार नियत धरोहर राशि के साथ बंद लिफाफे में निविदाएं दिनांक 22.08.2023 की दोपहर 2.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा की जा सकती हैं तथा इसी दिनांक को सायं 4 बजे नियत समयावधि के प्राप्त निविदाएं क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा सूचना के संबंध में विहित जानकारी विभागीय म.प्र. एज्यूकेशन पोर्टल की वेबसाईट:-http://educationportl.mp.gov.in के Tenders कॉर्नर पर देखी जा सकती है।

जी-18254/23

संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण संभाग सागर

# साहित्य

कहानी

# पुल पर बैठा बूढ़ा

अमेरिकी कहानी

■ अर्नेस्ट हेमिंग्वे

स्टील के फ्रेम वाला चश्मा पहने एक बूढ़ा आदमी सड़क के किनारे बैठा था। उसके कपड़े धूल-धूसरित थे। नदी पर पीपों का पुल बना हुआ था और घोड़ा-गाड़ियाँ, ट्रक, मर्द, औरतें और बच्चे उस पुल को पार कर रहे थे। घोड़ा-गाड़ियाँ नदी की खड़ी चढ़ाई वाले किनारे से लड़खड़ाकर पुल पर चढ़ रही थीं। सैनिक पीछे से इन गाड़ियों को धक्का दे रहे थे। ट्रक अपनी भारी घुरघुराहट के साथ यह कठिन चढ़ाई तय कर रहे थे और किसान टखने तक की धूल में पैदल चलते चले जा रहे थे। लेकिन वह बूढ़ा आदमी बिना हिले-डुले वहीं बैठा हुआ था। वह बेहद थक गया था इसलिए आगे कहीं नहीं जा सकता था।

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था।

'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा ।

'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

वह उसका अपना शहर था । उसका ज़िक्र करने से उसे खुशी होती थी, इसलिए वह मुस्कराया ।

'मैं अपने जानवरों की देखभाल कर रहा था' उसने बताया ।

'ओह' मैंने कहा, हालाँकि मैं पूरी बात नहीं समझ पाया ।

'हाँ, मैं जानवरों की देख-भाल करने के लिए वहाँ रुका रहा । सैन कार्लोस शहर को छोड़कर जाने वाला मैं आख़िरी आदमी था।'

वह किसी गड़ेरिए या चरवाहे जैसा नहीं दिखता था। मैंने उसके मटमैले कपड़े और धूल से सने चेहरे और उसके स्टील के फ्रेम वाले चश्मे की ओर देखते हुए पूछा -- 'वे कौन से जानवर थे ?'

'कई तरह के' उसने अपना सिर हिलाते हुए कहा, 'मुझे उन्हें छोड़कर आना पड़ा ।'

मैं पुल पर हो रही आवाजाही और आगे एब्रो के पास नदी के मुहाने वाली ज़मीन और अफ़्रीकी-से लगते दृश्य को ध्यान से देख रहा था। मन-ही-मन मैं यह आकलन कर रहा था कि कितनी देर बाद मुझे शोर का वह रहस्यमय संकेत मिलेगा, जब दोनों सेनाओं की आमने-सामने भिड़न्त होगी। किन्तु वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा हुआ था ।

'वे कौन-से जानवर थे ?' मैंने दोबारा पूछा ।

'कुल तीन जानवर थे, 'उसने बताया' दो बकरियाँ थीं और एक बिल्ली थी और इनके अलावा कबूतरों के चार जोड़े थे ।'

'और आपको उन्हें छोड़कर आना पड़ा ?' मैंने पूछा ।

'हाँ, तोप की गोलाबारी के डर से । फ़ौज के कप्तान ने मुझे तोप की मार से बचने के लिए वहाँ से चले जाने को कहा था ।'

'क्या आपका परिवार नहीं है?' मैंने पूछा । मैं पुल के दूसरे छोर पर आख़िरी घोड़ा-गाड़ियों को किनारे की ढलान से तेज़ी से नीचे उतरते हुए देख रहा था।

'नहीं' उसने कहा, 'मेरे पास सिर्फ़ जानवर थे। उनमें से बिल्ली तो, ख़ैर, अपना ख़याल ख़ुद रख लेगी, लेकिन मेरे बाक़ी जानवरों का क्या होगा, मैं नहीं जानता ।'

'आप किस पार्टी के समर्थक हैं ?' मैंने पूछा ।

'सियासत में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है' -- वह बोला -- 'मैं छिहत्तर साल का हूँ। मैं बारह किलोमीटर पैदल चलकर यहाँ आया हूँ, और अब मुझे लगता है कि मैं और आगे नहीं जा सकता ।'

' लेकिन यह जगह रुकने के लिए अच्छी जगह नहीं है' मैंने कहा।' अगर आप चल सकें तो आगे सड़क पर आपको वहाँ ट्रक मिल जाएँगे, जहाँ से टॉर्टोसा के लिए एक और सड़क निकलती है ।'

'मैं यहाँ कुछ देर रुकूँगा' उसने कहा ।'और फिर मैं यहाँ से चला जाऊँगा। ट्रक किस ओर जाते हैं ?'

'बार्सीलोना की ओर' मैंने उसे बताया ।

'उस ओर तो मैं किसी को नहीं जानता।' उसने कहा, 'लेकिन आपका शुक्रिया। आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।卐

उसने खोई और थकी हुई आँखों से मुझे देखा और फिर 

पुल को पार कर के यह देखना कि दुश्मन कहाँ तक आ पहुँचा है, यह मेरी ज़िम्मेदारी थी। आगे तक का एक चक्कर लगाकर मैं लौटकर पुल पर आ गया। अब पुल पर ज़्यादा घोड़ा-गाड़ियाँ नहीं थीं, और पैदल पुल पार करने वालों की संख्या भी कम थी। पर वह बूढ़ा अब भी वहीं बैठा था। 'आप कहाँ के रहने वाले हैं ?' मैंने उससे पूछा । 'मैं सैन कार्लोस से हूँ' उसने मुस्कराकर कहा ।

के बारे में फ़िक्र करने की ज़रूरत नहीं। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बाक़ियों के बारे में आप क्या सोचते हैं ?'

'मुझे तो लगता है कि शायद आपके बाक़ी जानवर और पंछी भी इस मुसीबत से सही-सलामत निकल जाएँगे ।'

'क्या आपको ऐसा लगता है ?'

'क्यों नहीं,' दूर झलक रही नदी के किनारे को देखते हुए मैंने कहा । वहाँ अब कोई घोड़ा-गाड़ी नहीं थी।

'लेकिन वे तोप के गोलों की मार से कैसे बचेंगे ? जब मुझे ही तोप की गोलाबारी की वजह से वहाँ से चले जाने के लिए कहा गया था?' दिया था ?' मैंने पूछा ।

'जी हाँ ।'

'तब तो वे उड़ जाएँगे।'

'जी हाँ, वे ज़रूर उड़ जाएँगे। लेकिन बाक़ियों का क्या होगा? बेहतर होगा कि मैं बाक़ियों के बारे में सोचूँ ही नहीं।' उसने कहा।

'अगर आपने आराम कर लिया हो, तो मैं चलूँ' मैंने कहा। 'अब आप उठकर चलने की कोशिश कीजिए।'

'शुक्रिया' उसने कहा और वह उठ कर खड़ा हो गया, लेकिन उसके थके हुए पैर उसे नहीं सँभाल पाए, और काँपते हुए वह वापस नीचे बैठ गया ।

'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था। 'मैं तो केवल अपने जानवरों की देख-भाल कर रहा था।'

अब उसके लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता था। वह ईस्टर के रविवार का दिन था और फ़ासिस्ट फ़ौजें एब्रो की ओर बढ़ रही थीं। वह बादलों से घिरा सलेटी दिन था। बादल बहुत नीचे तक छाए हुए थे जिनकी वजह से दुश्मन के लड़ाकू जहाज़ उड़ान नहीं भर रहे थे। यह बात और यह तथ्य कि बिल्लियाँ अपनी देख-भाल खुद कर सकती थीं। - उस बूढ़े के पास अच्छी क़िस्मत के नाम पर केवल यही चीज़ें मौजूद थीं।

**( अनुवाद - सुशांत-सुप्रिय )**

व्यंग्य



# नेताजी की केंचुली

■ रेखा शाह आरबी

भगवान.. जाने नेताओं को वह किस मिट्टी से तैयार करता है ! कि वह इतने अजब गजब तैयार होते हैं। कभी शेर जैसे दहाड़ कर दमदार होते हैं, तो कभी गधे के जैसे ढेचू- ढेचू करते रहते और लाचार होते हैं । जाने किस-किस प्राणियों से इनके गुण -दोष, ग्रह नक्षत्र मिलते रहते हैं । यह खुद भी नहीं जानते हैं वह तो मौके बेमौके उजागर होता है । तब इन्हें अपनी खुद की शक्ति का पता लगता है और जनता को ज्ञात होता है। कभी गिरगिट से तो ,कभी लोमड़ी से ,तो कभी सांप से और भी खतरनाक प्राणियों से उनके हावभाव बात व्यवहार मिलते जुलते रहते हैं। लेकिन हम यहां पर सांप की बात करेंगे सांप और नेताओं में यूं तो बहुत सी बाते एक समान एक जैसी है । लेकिन कुछ निम्न बातें गौर करने योग्य है :

❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।

❍ सबसे कॉमन बात है दोनों का ही केंचुली उतारना.. सांप जब तब अपनी पुरानी केचुली उतारकर हर बार अपने को नया कर लेता है । और वह ऐसा थोड़ा बढ़ने पर ही करता है । नेता भी हर चुनाव में एक नई केचुली पहन लेते हैं। जनता को दिखाने के लिए.. अपने को पाक साफ बताने के लिए, सब को विश्वास दिलाने के लिए । नेता भी अपनी केंचुली बहुत धीरे-धीरे उतारते हैं जैसे सांप धीरे-धीरे आराम से अपनी केंचुली उतारते है ।अच्छा है सांप कोई चुनाव नहीं लड़ता है।

❍ सांप और नेता दोनों ही बहरे होते हैं इन्हें सामान्य तौर पर कोई भी आवाज सुनाई नहीं देती है। सांप हवा में पैदा होने वाली ध्वनि तरंगों को अपने त्वचा से महसूस करके प्रतिक्रिया करता है और नेता हवा में उठने वाली अपने खिलाफ तरंगों को अपनी अद्भुत क्षमता के द्वारा पहचान कर प्रतिक्रिया देते हैं । और उसका निस्तारण करते हैं। उसके अलावा अन्य समय पर शांत और चुपचाप शांति बनाए रखते हैं। चाहे आप उनके सामने ढोल बजाइए या नगाड़ा बजाइए कोई अंतर नहीं पड़ेगा। जनता को पता तो तब लगता है जब खेल खत्म पैसा सारा कुछ हजम हो चुका रहता है। जनता के पास हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं रहता।

❍ कभी-कभी तो यह समझ में नहीं आता कि सांप नेता से शिक्षा ग्रहण करता है या नेता सांपों से शिक्षा ग्रहण करके आते हैं । सांप अपना जहर अपने बुरे समय के लिए बचा कर रखता है उसका इस्तेमाल यदा-कदा करता है। नेता भी अपने तरकस के सारे तीक्ष्ण तीर बचा कर रखते हैं अपने विपक्षी पार्टी को पटखनी देने के लिए और घात लगाकर वक्त पर इस्तेमाल करते हैं।
❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।

❍ सांप अपने से तीन गुना बड़े शिकार को भी आसानी से निगल जाता है । नेता भी अपनी आवश्यकता से सौ गुना अधिक माल बिना डकार लिए पचा जाते हैं। एसिडिटी भी नहीं होती और किसी को भनक भी नहीं लगने पाता है । ऐसे ही थोड़ी ना अपने देश में बड़े-बड़े घोटाले हो जाते हैं । और जनता को हवा भी नहीं लग पाती है कि वह लूट चुकी है।

दोनों में और भी बहुत सारी बातें कॉमन है दोनों की रीढ़ बहुत ही लचकदार होती है । जिससे इन दोनों का ही जीना आसान हो जाता है। कभी-कभी तो नेता अपनी रीढ ही निकाल कर फेंक देते हैं। ताकि मुड़ने तुड़ने में उन्हें कभी कोई असुविधा ना हो। बाकी आप सब भी बहुत समझदार हैं कुछ कयास आप भी लगा लीजिए..।

**बलिया ( यूपी )**

गज़ल

## दाग देहलवी


उज़्र आने में भी है और
बुलाते भी नहीं
बाइस-ए-तर्क-ए-
मुलाक़ात बताते भी नहीं
मुंतज़िर हैं दम-ए-
रुख़्सत कि ये मर जाए तो
जाएँ
फिर ये एहसान कि हम
छोड़ के जाते भी नहीं
सर उठाओ तो सही
आँख मिलाओ तो सही
नश्शा-ए-मय भी नहीं
नींद के माते भी नहीं
क्या कहा फिर तो कहो
हम नहीं सुनते तेरी
नहीं सुनते तो हम ऐसों
को सुनाते भी नहीं
ख़ूब पर्दा है कि चिलमन
से लगे बैठे हैं
साफ़ छुपते भी नहीं
सामने आते भी नहीं
मुझ से लाग़र तिरी
आँखों में खटकते तो रहे
तुझ से नाज़ुक मिरी
नज़रों में समाते भी नहीं
देखते ही मुझे महफ़िल
में ये इरशाद हुआ
कौन बैठा है उसे लोग
उठाते भी नहीं
हो चुका क़त्अ
तअ%ल्लुक़ तो जफ़ाएँ क्यूँ
हों
जिन को मतलब नहीं
रहता वो सताते भी नहीं
ज़ीस्त से तंग हो ऐ
%दाग़% तो जीते क्यूँ हो
जान प्यारी भी नहीं जान
से जाते भी नहीं

पुस्तक समीक्षा

# वैचारिक मंथन से निकली कविताएं

■ विवेकरंजन श्रीवास्तव

हिन्दी व्यंग्य और कविता में रामस्वरूप दीक्षित जाना पहचाना नाम है । वे टीकमगढ़ जेसे छोटे स्थान से साहित्य जगत में बड़ी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं । हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सक्रिय रहे हैं तथा इन दिनो सोशल मीडीया के माध्यम से देश विदेश के रचनाकारों को परस्पर चर्चा का सक्रिय मंच संचालित कर रहे हैं । भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है । रामस्वरूप दीक्षित जी जैसे सक्षम शब्द सारथी कागजों पर अपने मन की पीड़ा उड़ेल लेते हैं . वे लिखते हैं 'यूं तो कविता कुछ नहीं कर सकती , उसे करना भी नहीं चाहिये , कवि के अंतर्मन के भावों का उच्छवास ही तो है वह....किन्तु वे अगली पंक्तियों में स्वयं ही कविता की उपादेयता भी वर्णित करते हैं ... कविता कह देती है राजा से बिना डरे कि तुम्हारी आँखो में उतर आया है




मोतिया बिंद' इस संग्रह की प्रत्येक कविता में साहस के यही भाव पाठक के रूप में मुझे अंतस तक प्रभावित करते हैं । वे अपनी कविताओ में संभव शाब्दिक समाधान भी बताते हैं किन्तु दुखद है कि जमीनी यथार्थ दुष्कर बना हुआ है . लोगों के मनों में शाश्वत मूल्यों की स्थापना के लिये इस संग्रह जैसा चेतन लेखन आवश्यक हो चला है ।

युद्ध की जरूरत में वे लिखते हैं कि जंगल बिना आपस में लड़े बिना बचाये रखते हैं अपना हरापन , ... मनुष्य ही है जिसे खुद को बचाने के लिये युद्ध की जरूरत है । हत्यारे शीर्षक से लम्बी कविताओ के तीन खण्ड हैं . तारीफ की बात यह है कि भाव के साथ साथ कोरोना काल में

भारतीय ज्ञान पीठ से 2022 में प्रकाशित 53 सार्थक नई कविताओ के संग्रह कोरोना काल में अचार डालता कवि के साथ उन्होंने वैचारिक दस्तक दी है । इसे पढ़ने के लिये भारतीय ज्ञानपीठ से किताब का प्रकाशन ही सबसे बड़ी संस्तुति है । किताब में परम्परा के विपरीत किसी की कोई भूमिका नहीं है । वे बिना प्राक्कथन में कोई बात कहे पाठक को कविताओ के संग साहित्यिक अवगाहन कर वैचारिक मंथन के लिये छोड़ देते हैं । हमारे समय की राजनैतिक तथा सामाजिक स्थितियों की विवशता से सभी अंतर्मन से क्षुब्ध हैं । समाज विकल्प विहीन किंकर्तव्यमूढ़ जड़ होकर रह जाने को बाध्य बना दिया गया है ।

अचार डालता कवि की सभी कविताओ में नई कविता के विधान की साधना स्पष्ट परिलक्षित होती है । मद्धरता की हदों तक परिवेश से आंखें चुराने वाले समाज के इस असहनीय आचरण को इंगित करते हुये वे लिखते हैं कि ' जब खोटों को पुरस्कृत और खरों को बहिष्कृत किया जा रहा था तब आप क्या कर रहे थे ? के उत्तर में हम कहेंगें कि हम सयाने हो चुके थे और हमने चुप रहना सीख लिया था' . राम स्वरुप जी की कवितायें जनवादी चिंतन से भरपूर हैं । कुछ शीर्षक देखिये गूंगा , बाज , भेड़िये , मुनादी , मजदूर , ताले , इतवार , खतरनाक कवि , तानाशाह , आदि सभी में मूल भाव सदाशयता और मानवीय मूल्यों के लिये आम आदमी की आवाज बनने का यत्न ही है । पिता , पिता का कमरा , माँ के न रहने पर वे रचनायें हैं जो रिश्तों की संवेदना संजोती हैं । संग्रह की शीर्षक रचना कोरोना काल में अचार डालता कवि में वे लिखते हैं कि अचार डालने में डूबा कवि भूल गया कि बाहरी दुनियां में जिस रोटी के साथ अचार खाया जाता है वह तेजी से गायब हो रही है। इन गूढ़ प्रतीको को डिकोड करना पाठक को साहित्यिक आनंद देता है । अनेक बिन्दुओ पर कथ्य से असहमत होते हुये भी मैने दीक्षित जी की सभी रचनायें इत्मिनान से शब्द शब्द की जुगाली करते हुये तथा उनके परिवेश को परिकल्पित करते हुये पढ़ीं और उनके विन्यास , शब्द योजना , रचना काल तथा भाषाई ट्विस्ट का साहित्यिक आनंद लिया । संग्रह पढ़ने मनन करने योग्य है।

**कविता संग्रह : कोरोना काल में आचार डालता कवि**
**कवि : रामस्वरूप दीक्षित**
**प्रकाशक : भारतीय ज्ञानपीठ , नई दिल्ली**
**मूल्य : 250/-**

# इलाज के आभाव में फिर हुई प्रसव पीडित महिला की मौत




◆ **जिले भर मे महिला चिकित्सको की कमी के चलते आये दिन हो रही महिलाओं की मौत**

**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र के पन्ना जिले में स्त्री रोग डॉक्टरों का अभाव होने के कारण आए दिन गर्भवती माताओं और बहनों, नवजात शिशुओं की मौत के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। मगर कुंभकरण की नींद में सोई हुई सरकार और चुने हुए विधायक, मंत्री का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के ग्राम जमीन प्रताप सिंह मड़इयन निवासी गुड़िया पटेल पति राजबहादुर पटेल उर्फबाटू उम्र 20 वर्ष के घर में प्रथम बार खुशियां आने को थी और यह खुशियां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मातम में बदल गई है। घटना में मृत गुड़िया पटेल के जेठ राजा भैया पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 एवं 12 अगस्त 2023 की दरमियानी रात्रि लगभग 1 बजे प्रसव पीड़ा के कारण गुड़िया पटेल को देवेंद्रनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। जहां पर कोई भी स्त्री रोग डॉक्टर ना होने के बावजूद वहां पर मौजूद स्टाफ नर्सों और स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा उन्हें रोक कर रखा गया और उनका प्रसव कराया गया था। मगर उपचार के अभाव में और स्त्री रोग डॉक्टर की कमी के कारण गर्भवती महिला गुड़िया पटेल ने नवजात बच्ची को जन्म देते ही अत्यधिक रक्त बहाव होने के कारण दम तोड़ दिया है। रक्त स्राव को रोकने में देवेंद्र नगर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी नाकाम रहे।

अपनी नाकामी छुपाने के लिए आनन फानन में आज सुबह 6 बजे महिला को मरणासन्न स्थिति में जिला अस्पताल पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया था। पन्ना जिला अस्पताल पहुंचते ही रास्ते में ही महिला गुड़िया पटेल ने दम तोड़ दिया है। नवजात बच्ची को गोद में लेकर और शव के साथ परिवार के लोग गांव पहुंचे जहां पर कोहराम मच गया है। परिवार के लोगों ने बताया कि यह मौत देबेंद्रनगर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई है। यदि समय पर महिला को सही उपचार मिलता तो आज उनके परिवार में खुशियों की जगह मातम नहीं मिलता। परिवार के लोगों ने लापरवाह स्वास्थ्य कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, लापरवाही बरतने पर स्टॉफ नर्स निलंबित

### सीएमएचओ को और सिविल सर्जन को अस्पताल की व्यवस्था बनाने दिए निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने शनिवार को अचानक जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल के अंदर कई कमियां मिली। प्रसूता वार्ड में सफाई नहीं मिली। इससे नाराज कलेक्टर ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन को जमकर फटकार लगाई। अस्पताल के अंदर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान प्रसूता वार्ड की नर्स को निलंबित करने के निर्देश दिए। एक आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सबसे पहले शौचालय में गए। वहां गंदगी पाए जाने पर सीएमएचओ और सिविल सर्जन को कड़ी फटकार लगाते हुए ठेका कंपनी को नोटिस जारी करें। उन्होंने एक एक वार्ड का निरीक्षण किया। जिस दौरान एक गरीब प्रसूता व उसके परिजन मिले।

उन्होंने कलेक्टर को देख अपनी आपबीती सुनाई। उसने कहा कि साहब 3 घंटे से परेशान हैं, एम्बुलेंस नहीं मिल रही है। कोई सुनने वाला नहीं है। जिससे मदद मांग रहे हैं, वही गुमराह कर रहा है। कलेक्टर तुरंत प्रसूता वार्ड में पहुंचे, उन्होंने पहले तो जानकारी ली कि आखिरकार गलती किसकी है। प्रथम दृष्टया उनको गलती वहां की स्टाफ नर्स सरला धोटे की नजर आई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से उसको निलंबित करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए। प्रसूता के साथ में आई आशा कार्यकर्ता को अपने कर्तव्य और निष्ठा से काम नहीं करने पर सेवा समाप्ति के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के सिविल सर्जन को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आगे से अस्पताल में आए मरीज व उनके परिजन को किसी प्रकार समस्या नहीं होनी चाहिए। अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधार लीजिए, अन्यथा आपके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी का खजुराहो विमानतल पर हुआ आत्मीय स्वागत



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शनिवार को दोपहर 1.45 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मिनिस्टर इन वेटिंग नामित किए गए खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और पूर्व विधायक गुनौर राजेश वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना रविराज सिंह यादव ने भी प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नई दिल्ली से विशेष विमान से खजुराहो विमानतल पहुंचे।

इसके उपरांत भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर से सागर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हुए। वापसी में शाम 5.20 बजे प्रधानमंत्री खजुराहो विमानतल से नई दिल्ली रवाना हुए। इस दौरान भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी।

### विश्व आदिवासी दिवस पर जयस ने दिखाई ताकत

## नगर में निकाली रैली, सम्मेलन आयोजित कर एकजुट होकर संघर्ष का लिया संकल्प

**पन्ना, देशबन्धु।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जयस संगठन द्वारा डायमंड चौराहा के समीप एक स्थानीय गार्डन में सम्मेलन का आयोजन कर अपनी ताकत दिखाई गई तथा आदिवासी समाज के सामाजिक, राजनैतिक अधिकारो के साथ ही समाज की शिक्षा विकास तथा आदिवासी संस्कृति जल, जंगल, जमीन के संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने के लिए संकल्प लिया गया। डायमण्ड चौक के समीप आयोजित आदिवासी सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र राजनगर से जयस संगठन की अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह खैरवार तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में पार्षद महेश गौड, पूर्व सरपंच नौने सिंह आदिवासी, बबलू सिंह मौजूद थे। मुख्य वक्ता जयस जिला प्रवक्ता किसान नेता जयराम यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता जयस के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार गौड द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ आदिवासी समाज के महानायको बिरसा मुण्डा, वीरांगना रानी दुर्गावती, टायंटा भील, शंकर साह को याद करते हुए पुष्पाजंलि भेंट की गई। मुख्य वक्ता जयराम यादव ने कहा कि आदिवासी समुदाय आदिकाल से जल,



जंगल, जमीन का संरक्षण करता रहा है। आदिवासी समाज ने प्रकृति को ही ईश्वर मानकर अपनी जिम्मेदारी हमेशा पूरी की परंतु आदिवासी समाज के लोगो के हितो पर कथित स्वार्थी लोगो द्वारा अतिक्रमण किया गया। सरकारे भी आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक मानकर कार्य करती रही। रोजी, रोटी, रोजगार उनके परंपरागत साधन उनसे छीन लिए गए है और आदिवासी समाज की स्थिति आज सबसे खराब है, पन्ना जिले में प्रभावशाली तबके ने आदिवासी समाज को गुलाम बनाकर काम किया गया। जयस सम्मेलन प्रदेश के आज पन्ना जिले में आदिवासियो के लिए लड़ाई लड़ रहा है। जिससे जयस संगठन के नेतृत्व में आदिवासी समाज लगातार एकजुट हो रहा है।

जयस संगठन के अध्यक्ष मुकेश कुमार गौड ने कहा कि हमारी ताकत हमारे आदिवासी समाज के युवक है जयस संगठन से जुडे युवा आदिवासी युवको को सरकारी नौकरी मिले बच्चे अच्छे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करे इसके लिए प्राथमिकता के साथ काम कर रहा है हाल में ही पिछले वर्षो के दौरान जयस के युवाओ ने नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रो को सम्मलित कराकर उनके चयन हो जाने पर प्रवेश दिलाया गया है। इसके साथ ही जंगल में हमारे आदिवासी भाईयों की जो जमीन छीनी जा रही है उस पर उनका पुनरू कब्जा करवाकर खेती का कार्य भी करवाने में लगे हुए है। जिले के लिए चितांजनक बात है कि आदिवासियों की जमीन अनाधिकृत रूप से संपन्न माफिया खरीद रहे है और इस कार्य में सत्ताधारी दल से प्रभावित प्रशासन इसके लिए अवैध तरीके अनुमतियां जारी कर रहा है जिस पर रोक लगाई जाये तथा जांच की जाये। कार्यक्रम में रामपाल सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष, दीपेन्द्र गौड उपाध्यक्ष रामशरण गौड महासचिव, राजकुमार कोदर कोषाध्यक्ष, अभिषेक चौरसिया, कृष्ण पाल सिंह यादव, नत्थू यादव, सेन समाज के अध्यक्ष प्रमोद सेन, अमित कुमार गौड, रेखा गौड जिला प्रभारी, जानकी गौड, हीराबाई गौड, वंदन सिंह गौड आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम उपरांत नगर में रैली निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जयस अध्यक्ष राम विशाल गौड ने तथा आभार प्रदर्शन जयस के संरक्षक देवू गौड ने किया।

## चरित्र संदेह पर पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम रहुनिया में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में विवरण इस प्रकार है 9 अगस्त 23 को फरियादी मूलचंद्र बर्मन पिता लूंगा बर्मन उम्र 47 साल निवासी रोहनिया थाना शाहनगर जिला पन्ना द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि मेरे भाई बलीराम वर्मन द्वारा चरित्र संदेह में अपनी पत्नी रेखा वर्मन के साथ मारपीट कर कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 153/2023 धारा 307 भादवि का कायम किया जा कर विवेचना में लिया गया तथा इलाज के दौरान उक्त महिला की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है तथा आरोपी पती बलीराम वर्मन को कुल्हाडी सहित गिरफ्तार किया है तथा न्यायालय में पेंश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## सूचना

मेरा नाम–विमलेश पुरोहित उर्फ नीलम पुरोहित पति श्री हिमांशशि पुरोहित वर्तमान पता गुना म.प्र. शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूं कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की **पॉलिसी नं. 372698600** पर मेरा नाम **NEELAM PUROHIT** दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते पर मेरा नाम **VIMLESH PUROHIT** लिखा है। उक्त दोनों नाम एक ही महिला यानी मेरे स्वयं के है इन नामों की अलग–अलग महिला नहीं है तथा उक्त बैंक खाता मेरा स्वयं का ही है। उक्त पॉलिसी का भुगतान मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में दर्ज नाम **VIMLESH PUROHIT** अनुसार ही कर दिया जावे। तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी पाये जाने पर मैं क्षतिपूर्ति हेतु बाध्य रहूंगी।

**हस्ताक्षर**
**विमलेश पुरोहित**

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक/क्रय/निविदा/2023/7233 A — छतरपुर, दिनांक: 08.08.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला चिकित्सालय छतरपुर में वाहनों की व्यवस्थित एवं नियोजित पार्किंग व्यवस्था के सुचारू संचालन, इलेक्ट्रिकल उपकरण / सामग्री सप्लाई एवं आकस्मिक औषधि / सामग्री सप्लाई हेतु इच्छुक ऐजेंसियों / फर्मों / ठेकेदारों से ई निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो विज्ञप्ति प्रकाशन के उपरान्त निर्धारित तिथि को वेबसाइड https://www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित होगी । निविदा से संबंधित दिशानिर्देश व शर्ते ( टेण्डर डाक्युमेंट) उक्त वेबसाइड पर उपलब्ध होंगे। अपरिहार्य कारणो से यदि निविदा की तिथि अथवा शर्तो में संशोधन या परिवर्तन किया जावेगा तो इसकी अद्यतन सूचना उक्त वेबसाइड के माध्यम से जारी की जावेगी । निविदा प्रपत्र https://www.mptenders.gov.in से निविदा का आनलाईन निर्धारित मूल्य रू. 1,000/- प्रति (Non refundable) भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है ।

| स. क्रं. | कार्य का विवरण | अमानत राशि (EMD) | प्रीबिड मीटिंग | निविदा प्रारूप ऑनलाईन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला चिकित्सालय छतरपुर में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था | Rs.50,000/- (Rs. Fifty Thousand Only) | 18.08.2023 On 02.30 pm at CS Office Chhatarpur | From 16.08.2023 to 30.08.2023 upto 03.00 pm | 30.08.2023 upto 05.00 pm | 31.08.2023 upto 01.00 pm |
| 02 | जिला चिकित्सालय छतरपुर में इलेक्ट्रिकल (विद्युत) उपकरणों/ सामग्री की सप्लाई | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) | 18.08.2023 On 01.30 pm at CS Office Chhatarpur | From 16.08.2023 to 30.08.2023 upto 03.00 pm | 30.08.2023 upto 05.00 pm | 31.08.2023 upto 02.00 pm |
| 03 | जिला चिकित्सालय छतरपुर में आकस्मिक औषधि / सामग्री की सप्लाई | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) | 18.08.2023 On 12.30 pm at CS Office Chhatarpur | From 16.08.2023 to 30.08.2023 upto 03.00 pm | 30.08.2023 upto 05.00 pm | 31.08.2023 upto 03.00 pm |

**( निविदा आमंत्रण ऑथरिटी )**
**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय छतरपुर म.प्र.**

**जी-18167/23**

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - सागर ( म.प्र.)

क्रमांक / 960 / खनिज / 2023 — सागर, दिनांक 08/08/2023

### सूचना

(म. प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 - क)

यह सूचित किया जाता है कि, म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 - क, के तहत् उत्खनन पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न सूची अनुसार ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| क्रं. | आवेदक का नाम व पता | तहसील व जिला | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य | खनिज का नाम | आवेदन दिनांक | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पलाश जैन पिता श्री पवन कुमार जैन पता लक्ष्मीपुरा वार्ड बंडा, तह. व जिला सागर | तह. बंडा, जिला सागर | पिपरिया चमारी | 445 | 4.900 | शासकीय भूमि | पत्थर (यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी निर्माण) हेतु एवं पत्थर से निर्मित रेत (यांत्रिकी क्रिया द्वारा) | 07.08.2023 | उत्खनन पट्टा आवेदन पत्र |
| 2 | श्री पराग जैन पिता श्री पवन कुमार जैन पता लक्ष्मीपुरा वार्ड बंडा, तह. व जिला सागर | तह. बंडा, जिला सागर | पिपरिया चमारी | 445 | 4.900 | शासकीय भूमि | पत्थर (यांत्रिकी क्रिया द्वारा गिट्टी निर्माण) हेतु एवं पत्थर से निर्मित रेत (यांत्रिकी क्रिया द्वारा) | 07.08.2023 | उत्खनन पट्टा आवेदन पत्र |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला सागर में आपत्ति का लेख / कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें ।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नही किया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
**खनिज शाखा जिला - सागर**

**जी- 18180/23**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in — फोन - 0755-2767635 फेक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 1018/2023-24 /प्रमुख अभियंता / ई-टेंडरिंग / — भोपाल, दिनांक 10.08.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.09.2023 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 2023_WRD_297739 | टर्न की पद्धति पर:- ढोलना, खुर्द, बैराज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 251.82 |
| 2. | 2023_WRD_297741 | टर्न की पद्धति पर:- नयापाड़ा बैराज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 295.61 |
| 3. | 2023_WRD_297743 | टर्न की पद्धति पर:- हांडिया कुंडिया बैराज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 262.98 |
| 4. | 2023_WRD_297751 | टर्न की पद्धति पर:- बोरिया बैराज का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 192.08 |
| 5. | 2023_WRD_297761 | टर्न की पद्धति पर:- गुरूनावदा स्टॉपडेम कम कॉजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नही। | श्योपुर | 564.96 |
| 6. | 2023_WRD_297764 | आसन बैराज मध्यम सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत ग्राम गदाल का पुरा के डूब प्रभावित परिवारों के लिये ग्राम छोंदा जिला मुरैना में पुनर्वास कॉलोनी का निर्माण एवं विकास कार्य। | मुरैना | 436.54 |
| 7. | 2023_WRD_ 297765 | बंधानी जलाशय योजना स्पिल चैनल में खुदाई एवं गाईड वाल का निर्माण कार्य। | छिंदवाड़ा | 38.52 |
| 8. | 2023_WRD_ 297767 | विशेष मरम्मत अन्तर्गत डोंगरबोडी तालाब की मुख्य नहर लाईनिंग का कार्य। | बालाघाट | 43.39 |
| 9. | 2023_WRD_297769 | विशेष मरम्मत अन्तर्गत मउ जलाशय योजना के बांध, स्लूस एवं वेस्टवियर का कार्य। | बालाघाट | 24.08 |
| 10. | 2023_WRD_297771 | सीतानगर मध्यम सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के. व्ही. ए. जी. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन (नरसिंहगढ़ पर) का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित। | सागर | 64.20 |
| 11. | 2023_WRD_297773 | सीतानगर मध्यम सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र से प्रभावित 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (नरसिंहगढ़ पर मोठा डी.एल.) के प्रतिस्थापन का कार्य मय सामग्री एवं मजदूरी सहित। | सागर | 65.13 |
| 12. | 2023_WRD_297777 | टर्न की पद्धति पर:- मूलपारा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | पन्ना | 239.93 |
| 13. | 2023_WRD_297779 | टर्न की पद्धति पर:- पगरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | पन्ना | 349.93 |
| 14. | 2023_WRD_297781 | टर्न की पद्धति पर:- तिघरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | पन्ना | 385.77 |
| 15. | 2023_WRD_297783 | टर्न की पद्धति पर:- बेलदरा लघु सिंचाई तालाब का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सिंगरौली | 517.21 |
| 16. | 2023_WRD_297785 | टर्न की पद्धति पर:- लवानी (केशरपुरा) बांध (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | धार | 162.31 |
| 17. | 2023_WRD_297788 | टर्न की पद्धति पर:- सेंदला बैराज योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | धार | 790.58 |
| 18. | 2023_WRD_297790 | टर्न की पद्धति पर:- सतहरी स्टॉप डेम का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | अशोकनगर | 218.62 |
| 19. | 2023_WRD_297791 | टर्न की पद्धति पर:- लाल तालाब (नहर रहित ) कार्य का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | उज्जैन | 160.65 |
| 20. | 2023_WRD_297792 | टर्न की पद्धति पर:- मोलगा मुल्लुपुरा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | उज्जैन | 315.69 |
| 21. | 2023_WRD_297793 | टर्न की पद्धति पर:- खेड़ापती तालाब का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं । | बड़वानी | 522.72 |

**जी-18246/23** — **मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )**

### नगर पालिका सीएमओ ने ट्रांसपोर्ट नगर का किया अवलोकन

# गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर स्वामी देवस्वरुपानंद की हठ के आगे झुका प्रशासन





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विगत छह माह से जिले में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन की मांग को लेकर आंदोलनरत डॉ. स्वामी देवस्वरुपानंद की कोशिशे रंग लाती दिखाई देने लगी हैं। हाल ही में स्वामी देवरस्वरुपानंद ने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर अन्न आहार छोड़कर अनशन करने की अनुमति मांगी थी। इस पत्र के बाद सकते में आए जिला प्रशासन सहित प्रदेश स्तर से भी गौवंश को संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पहल शुरु कर दी गई है। शनिवार 12 अगस्त को शहर के आवारा गौवंश को व्यवस्थित करने की दिशा में पहल करते हुए उपसंचालक पशुपालन एवं जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति उपाध्यक्ष बृजेंद्र श्रीवास्तव ने सुधा सागर रोड पर स्थित गढ़ा पहाड़ में मौजूद मामौन गौशाला पहुंचकर गौवंश को रखने की सुविधाओं का आंकलन किया है। इसके साथ ही नगर पालिका सीएमओ गीता मांझी सहित अन्य अधिकारियों ने नया बस स्टेण्ड के पीछे स्थित बाउंड्री युक्त ट्रांसपोर्ट नगर की 4 एकड़ जमीन में गौवंश को रखने हेतु मौके का अवलोकन किया है। इस अवसर पर स्वामी जी ने जनपद पंचायत सीईओ से आग्रह किया है कि ग्राम पंचायत मिनौरा की गौशाला के संचालन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत को निर्देशित किया जाए। स्वामी जी ने कहा है कि वर्तमान में इस गौशाला में एक भी गौवंश को नहीं रखा गया है। जिला प्रशासन की सक्रियता के बीच प्रदेश के गौपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने सभी जिलों

## मामौन गौशाला पहुंचे पशुपालन विभाग के उपसंचालक सहित पशुधन संवर्धन समिति उपाध्यक्ष

के कलेक्टर को पत्र लिख कर प्रदेश के राजमार्ग एवं सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौवंश के प्रबंधन के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए निर्देशित कर दिया है। श्री गिरि द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को मध्य प्रदेश शासन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक 184/2023-24, भोपाल दिनांक 25/07/23 के संदर्भ में कहा गया है कि निराश्रित गौवंश के प्रबंधन हेतु प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर पूर्व से ही मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत गौशालाएं स्वीकृत एवं संचालित हैं। पूर्ण निर्मित किंतु खाली पड़ी गौशालाओं में आपके द्वारा द्वारा स्थानीय निकायों को निर्देशित कर उनमें गौवंश के व्यवस्थापन हेतु आपका सक्रिय प्रशासनिक सहयोग इस समस्या के निराकरण में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। इन गौशालाओं के संचालन में ग्राम पंचायत के समन्वय से महिला स्वसहायता समूहों तथा अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किए जाने के लिए शासन स्तर से भी प्रयास कर नियमों में आवश्यक बिंदुओं को जोड़ा गया है। पत्र में कहा गया है कि आपके जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अंतर्गत गौशालाएं स्वीकृत हो चुकी हैं किंतु किन्हीं कारणों से कुछ गौशालाओं का निर्माण कार्य अभी तक अप्रारंभ है, ऐसी गौशालाओं हेतु स्वीकृत राशि का उपयोग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित करते हुए संदर्भित पत्र के अनुसार जिला स्तर पर जिला स्तरीय गोठान का निर्माण कर स्थानीय निकायों का सहयोग लेते हुए इनमें निराश्रित गौवंश का व्यवस्थापन किया जाए।

# चार पहिया वाहन से अवैध शराब का परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार



**दिगौड़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या, जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में अवैध शराब का परिवहन, बेचने, ले जाने के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस थाना में नवागत थाना प्रभारी नीरज कुमार लोधी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बीती रात कार्यवाही को अंजाम दिया गया। पुलिस ने चार पहिया वाहन से अवैध शराब का परिवहन करने पर 40 पेटी अवैध शराब सहित दो आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर माननीय जिला न्यायालय में पेश किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 12 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी नीरज लोधी ने तत्काल पुलिस टीम का गठन करके ग्राम बछोड़ा शाहपुर रोड पर भेजा। पुलिस टीम द्वारा शाहपुर तरफ से आ रहे जाइलो वाहन क्रमांक एमपी 04 बीए 6576 को रोक कर चेक करने पर वाहन में से 40 पेटी अवैध देसी प्लेन शराब कुल मात्रा 360 लीटर, कीमती 1 लाख 20 हजार रुपए एवं जाइलो वाहन कीमती 6 लाख रुपए को जप्त किया गया। इस वाहन को आरोपी चालक निहाल उर्फ बड़े पिता इंदल सिंह घोष उम्र 30 साल निवासी वर्माताल एवं वाहन में सवार देवेंद्र पिता कल्याण सिंह घोष उम्र 23 साल निवासी सैराई थाना दिगौड़ा को गिरफ्तार कर माननीय जिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस इस मामले में एक अन्य शराब दुकान के अज्ञात गद्दीदार आरोपी की तलाश कर रही है। दिगौड़ा थाना पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज कुमार लोधी, प्रधान आरक्षक विजय सिंह घोष, मुकेश राय, सादिक खान, आरक्षक हीरालाल, शैलेंद्र, अजय, महिला आरक्षित रवीना की अहम भूमिका रही।

## 1 लाख 20 हजार की 360 लीटर 40 पेटी प्लेन देशी मदिरा सहित जाइलो वाहन जप्त

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ भव्य आरती का आयोजन

**पलेरा, देशबन्धु।** खरगापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरमें में शनिवार के दिन मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। बताया गया है कि खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम बरमें समेत विधानसभा क्षेत्र के अनेक नागरिक सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। आयोजन के बाद भगवान की महाआरती की गई। इसके बाद कन्या भोज का कार्यक्रम किया गया, जिसमें उपस्थित सभी नागरिकों ने भाग लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह गौर ने बताया कि संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन की रूपरेखा पूर्व से निर्धारित की गई थी। वह मौके पर उपस्थित नागरिकों के साथ भोजन में भी शामिल हुए।

## स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। यह कार्यक्रम स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड पर 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन करेंगे। तत्पश्चात मार्च-पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरूस्कार वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिले के सभी शासकीय भवन और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाये। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि निजी संस्थाओं के बड़े भवनों में भी रोशनी की जाये। स्वतंत्रता दिवस धूम-धाम से मनाने के लिये फायनल रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर की जायेगी। फायनल रिहर्सल का अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। साथ ही 15 अगस्त को होने वाले मिनट टू मिनट कार्यक्रम के संबंध में अवलोकन भी करेंगे।

### आजाद अध्यापक संघ का प्रांतीय सम्मेलन आज

# पुरानी पेंशन सहित नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करने होगा शंखनाद



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** आज 13 अगस्त रविवार को एक स्थानीय मैरिज गार्डन में आजाद अध्यापक संघ की बैनर तले मध्य प्रदेश के समस्त पेंशन विहीन कर्मचारियों का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किए जाने के संबंध में शनिवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। आजाद अध्यापक संघ टीकमगढ़ के जिला अध्यक्ष मधुकर उपाध्याय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह सम्मेलन संघ की प्रांत अध्यक्ष शिल्पी शिवान के मुख्य अतिथि में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश सरकार से मध्य प्रदेश के समस्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की जाएगी एवं अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करने की मांग की जावेगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शनिवार को एक प्रेस वार्ता स्थानीय ब्राह्मण कॉलोनी स्थित जागेश्वर धाम मंदिर में आयोजित की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक पंडित राम गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस सम्मेलन में समस्त कर्मचारियों का भरपूर सहयोग देने की बात कही। आजाद अध्यापक संघ के संभागीय अध्यक्ष शैलेश श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन के बाद एक रैली गार्डन से कलेक्ट्रेट तक निकाली जाएगी, तत्पश्चात कर्मचारियों की मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर टीकमगढ़ को सौंपा जावेगा। अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विवेक खरे द्वारा समस्त पत्रकारों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष खरे, सतेंद्र जैन, प्रदेश सह संगठन मंत्री अमित चतुर्वेदी, जिला महामंत्री अयोध्या प्रसाद चौधरी, प्रांतीय सचिव राजीव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कुंज बिहारी मिश्रा, अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे।

### बसपा के बैनर तले निकाली नगर में रैली, जिला शिक्षा अधिकारी मुर्दाबाद के लगे नारे

# विधायक की कार्यशैली के विरोध में सड़क पर उतरी जनता



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के शासकीय मॉडल स्कूल में पदस्थ प्राचार्य एमएल कुशवाहा को पद से हटाकर बीएस राजपूत को शासकीय मॉडल विद्यालय के प्राचार्य पद का चार्ज दे दिया गया है। यह शासकीय फरमान जारी होने के बाद नगर की सियासत गरमा गई है। उक्त पूरे मामले को लेकर नगर में जहां क्षेत्रीय भाजपा विधायक राहुल सिंह से पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा से अनबन की बात की जा रही है तो वही बीएस राजपूत को विधायक श्री सिंह का खास बताया जा रहा है। यहां इस बात का उल्लेख भी आवश्यक है कि शिक्षक बी.एस. राजपूत द्वारा शासन की गाइड लाइन को धता बताते हुए पलेरा में कोचिंग सेंटर का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मॉडल स्कूल का प्रभार बीएस राजपूत को सौंपे जाने के बाद यह मामला सड़कों पर उतर आया है। शासकीय मॉडल स्कूल के पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा के समर्थन में बसपा पार्टी आगे आई है। सैकड़ो की संख्या में बसपा का झंडा हाथों में लेकर आक्रोश रैली समूचे नगर में निकाली गई। उक्त आक्रोश रैली में एलाउंसमेंट के जरिए जिला शिक्षा अधिकारी मुर्दाबाद एवं खरगापुर विधायक की तानाशाही नहीं चलेगी, जिला प्रशासन होश में आओ जैसे कई नारे लगाए गए। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो आक्रोश रैली निकाले जाने की तैयारियां पहले से ही नगर में तय की गई थी। स्थानीय छोटा बस स्टैंड एवं बड़ा बस स्टैंड समेत कई इलाकों में निकाली गई यह रैली समूचे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में चर्चा का बिषय से बनी हुई है। इसके अलावा नगर में इस बात की चर्चा की फैली हुई है कि बिगत कई वर्षों से शासकीय मॉडल में अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा का बेहतर शिक्षा को लेकर नगर में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान समय में इसी के फलस्वरुप मॉडल स्कूल को प्रशस्ति पत्र भी मिला है। वर्तमान समय में पलेरा मॉडल स्कूल की साख जिले में काफी अच्छी बनी हुई है। इसी बीच जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आदेश जारी करते हुए पूर्व प्राचार्य एमएल कुशवाहा के द्वारा शासकीय योजनाओं का सही क्रियान्वयन ना करने एवं मॉडल स्कूल का माहौल खराब होने का हवाला देते हुए प्रभार बदले जाने के फरमान ने नगर में कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शिक्षा अधिकारी का पुतला फूंक कर दिया ज्ञापन

समूचे नगर में आक्रोशित रैली निकाली जाने के बाद स्थानीय थाना तिराहे पर जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति खरे का पुतला फूंका गया। आयोजित रैली में शामिल तमाम कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला प्रशासन के नाम एक ज्ञापन नगर की तहसीलदार डॉ. अवंतिका तिवारी को सौंपा गया है।

# लोन दिलाने के नाम पर ऐंठे गए रुपए थाना प्रभारी ने दिलाए वापस



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बीरऊ में एक व्यक्ति ने ग्रामीणों को लोन दिलाने के एवज में रुपए वसूल लिए। मामला पुलिस थाना तक आने पर थाना प्रभारी ने लोन दिलाने वाले व्यक्ति से बीरऊ गांव के लोगों के रुपए वापिस दिलाए। बीरऊ गांव के निवासी रिंकू यादव, देवेन्द्र यादव, ब्रजेन्द्र विश्वकर्मा, निजाम खान, गोलू यादव ने बताया कि विगत 27 जुलाई को हमारे गांव में दिगौड़ा के नदी खिरक मुहल्ले का निवासी रवि रैकवार आया और महिलाओं को एक लाख रुपए तथा पुरुषों को 1 से 5 लाख रुपए तक का लोन दिलाने के नाम पर 16-16 सौ रुपये एडवांस में ले लिए, लोन आने के बाद दो-दो हजार रुपए और देने के लिए कहा था। उसने लोन के रुपए 8 दिन के भीतर आने की बात कही थी। जब 15 दिन तक लोन के रुपए नहीं मिले तो रवि रैकवार से संपर्क करने पर वह हम लोगों से उल्टा सीधा वातावरण करने लगा। 15 दिनों तक लोन के रुपए नहीं आने पर हम सभी लोग पुलिस थाना दिगौड़ा आए और पूरी घटना थाना प्रभारी को बताई। थाना प्रभारी नीरज कुमार लोधी ने तत्काल पुलिस को भेजकर रवि रैकवार को नदी खिरक से पुलिस थाने में बुलाया। थाना प्रभारी ने रवि रैकवार से लोन दिलाने के बहाने बीरऊ गांव के लोगों से लिए गए रुपए उनको वापिस देने को कहा और भविष्य में किसी भी व्यक्ति से लोन दिलाने के बहाने रुपए लेने के लिए सख्त मना किया। रवि रैकवार ने बीरऊ गांव के लोगों से लिए गए 16-16 सौ रुपये वापिस करके उन लोगों से माफी मांगी। लोगों को उनके रुपए वापिस मिलने पर उस व्यक्ति पर कार्यवाही करने के लिए मना कर दिया। लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी ने हमारे रुपए वापिस दिला दिए, जबकि वह व्यक्ति रुपए देने से साफ मना कर रहा था।

## आरोपी के माफी मांगने पर नहीं की कार्यवाही, आगे ऐसा नहीं करने की दी चेतावनी

### शिवलिंग निर्माण में बम बम भोले, हर हर महादेव के गूंजे जयकारे

# युवा पीढ़ी महा श्रावण पर्व की मूल्यवत्ता से हो परिचित:शास्त्री





**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 हरितला सरकार मंदिर प्रांगण में श्रावण मास के पावन पर्व पर 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं मानस प्रवचन के कार्यक्रम से नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है। कार्यक्रम के आचार्य पंडित सत्येंद्र शास्त्री महाराज ने शनिवार के दिन कार्यक्रम के दौरान कहा कि युद्ध, आतंक, आपसी द्वेष जैसी ज्वलंत समस्याएं ना केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है, और सभी इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन लोगों के लिए भक्ति का महाश्रावण एक प्रेरणा है, पाथेय है, मार्गदर्शन सहित सात्विक जीवन शैली का प्रयोग है। आज भौतिकता की चकाचैंध में, भागती जिंदगी की अंधी दौड़ में इस श्रद्धा एवं भक्ति के महाश्रावण की प्रासंगिकता बनाये रखना ज्यादा जरूरी है। आचार्य सत्येंद्र शास्त्री महाराज ने कहा कि इसके लिए हिन्दू समाज संवेदनशील बने विशेषतः युवा पीढ़ी महाश्रावण की मूल्यवत्ता से परिचित हो और वे पूजा-पाठ, मौन, जप, ध्यान, स्वाध्याय, आहार संयम, इन्द्रिय निग्रह, जीवदया आदि के माध्यम से आत्मचेतना को जगाने वाले इन दुर्लभ क्षणों से स्वयं लाभान्वित होकर जन-जन के सम्मुख एक आदर्श प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि महाश्रावण माह मात्र हिन्दुओं का ही नहीं है। यह एक सार्वभौम अवसर है, जिसका उपयोग कर मनुष्य अपने अंतर चेतना और अपने स्व से जुड़कर शिवत्व को प्राप्त कर इस महाव्याधि से मुक्ति प्राप्त करें। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट अवसर है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना करते हुए रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करें। आज जरूरत है रोग से निरोगता की ओर, श्रद्धा से समर्पण की ओर अग्रसर होने की, आध्यात्मिकता से आत्मीयता की ओर बढ़ने की और शिव साधना के साथ शिवत्व को धारण करने की। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव, अवसर या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है।

## सार समाचार

### ईवीएम कार्यप्रणाली को समझा



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा सभी विधानसभा मुख्यालयों में ई.व्ही.एम. प्रदर्शन केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर आम मतदाताओं के लिए वोट कास्ट करने की प्रक्रिया एवं ईव्हीएम की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के सदस्यों ने कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम प्रदर्शन केंद्र पहुंचकर ईव्हीएम कार्यप्रणाली को समझा, सभी सदस्यों ने अपने व्यक्तिगत कार्यों से कलेक्ट्रेट पहुंचने वाले सभी लोगों से अनुरोध किया कि जैसे ही मुख्य गेट से प्रवेश करते हैं, वहां स्थिति ईव्हीएम प्रदर्शन केंद्र पर ईव्हीएम मशीन की कार्यप्रणाली को समझें तथा आने वाले चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। जिन युवक-युवतियों की 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे सभी अपना मतदाता सूची में नाम जरूर दर्ज कराएं।

### ब्लड डोनेशन कैम्प लगाकर एनीमिक महिलाओं का किया रक्तदान



**दमोह देशबन्धु।** गंभीर रक्ताल्पता की स्थिति में सुरक्षित प्रसव कराना बेहद चुनौती पूर्ण होता है। ऐसी स्थिति से बचाव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में सी.बी.एम.ओ. डॉ. अशोक बरौनिया के नेतृत्व में गत दिवस ब्लड डोनेशन कैम्प लगाकर गंभीर एनीमिक दो गर्भवती महिलाओं को ब्लड चढ़ाया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस दौरान स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी की पहल पर जिला पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी के समन्वय से डॉ. तन्मय दुआ के अगुवाई में जिला स्तर से ब्लड़ डोनेशन वाहन पटेरा पहुंचाकर ब्ल एकत्रण का कार्य किया गया। इस दौरान 10 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में ही सैम्पल का क्रॉस मैच कर संबंधित दल द्वारा गंभीर रूप से एनीमिक जमुनिया ग्राम की गर्भवती महिला क्रांति मोहन गौंड एवं पटेरा की खुशनुमा साबिर खान को ब्लड़ ट्रांसफ्यूजन किया गया।

अपर सत्र न्यायालय ने सुनाई सजा

# ससुर और साली की हत्या करने वाले आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास

**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा के अपर सत्र न्यायालय ने दुहरे हत्याकांड में तीन साल के भीतर ही फैसला सुनाते हुए आरोपी बुठिया पिता कल्ला अहिरवार निवासी कोनी थाना सिमरिया जिला पन्ना को अपने ससुर और साली की हत्या के आरोप में धारा 302 और 307 आई पी सी में दोषसिद्ध पाते हुए दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित किया है अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने हटा थाना के अपराध क्रमांक 558/20 सत्र प्रकरण क्रमांक 02/21 में बिचारण के उपरांत अभियोजन से सहमत होते हुए प्रकरण में बनाये गए आरोपी बुठिया अहिरवार को धारा 302 भादवि (दो शीर्ष) में दोहरा आजीवन कारावास एवं 4000 रुपए का अर्थदंड, धारा 307 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपए का अर्थदंड से दंडित करने का दंडादेश सुनाया है । अभियोजन के अनुसार फरियादी शुभम अहिरवार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनॉक 22.09.2020 को रात करीब 9 बजे वह कनकतला ग्राम स्थित घर में लेटा था, उसके पापा मुन्नी लाल बाथरूम करने घर के पीछे गये थे, वहाँ पापा के चिल्लाने की आवाज आई तो वह, उसकी बडी बहिन द्रोपती (आरोपी की पत्नि) और छोटी बहिन अनीता और छोटा भाई सचिन सभी घर के पीछे दौडे, तो देखा कि उसके जीजा बुठिया अहिरवार (आरोपी) ने उसके पापा के पेट में चाकू मारा, बडी बहिन द्रोपती (आरोपी की पत्नि) पापा को बचाने लगी तो आरोपी बुठिया ने उसके सिर में चाकू मारा, छोटी बहिन अनीता बडी बहिन द्रोपती को बचाने लगी तो बुठिया ने अनीता को भी पेट में चाकू मारे, तो उसके पापा मुन्नी लाल व बहिन अनीता की मौत हो गई। चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी बुठिया वहाँ से भाग गया। उपनिरीक्षक प्रदीप चौधरी द्वारा की गई विवेचना दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी बुठिया अहिरवार के विरूद्व धारा 302, 307 भादवि के तहत अपराध प्रथम दृष्टा सिद्व पाये जाने से आरोपी के विरूद्व अपराध पंजीवद्व कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण उपरांत अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी बुठिया अहिरवार को धारा 302 भादवि (दो शीर्ष) में दोहरा आजीवन कारावास एवं 4000 रुपए का अर्थदंड, धारा 307 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री मुकेश कुमार पाण्डेय, विशेष लोक अभियोजक, हटा द्वारा की गई। उक्त प्रकरण चिन्हित सनसनी खेज मामला था।

## पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने किया जनसंपर्क



**दमोह/नोहटा देशबन्धु।** पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने जबेरा में दु:खद परिवारों में पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की रोहनी, सलैया, बगलवारा, तेजगढ़ में ग्रामीण जन की समस्याओं को सुना एवं निराकरण हेतु अधिकारियों को अवगत कराया, साथ ही ग्राम रोहनी में आदिवासी हरिजन मुहल्ला भारी बारिश में डूब क्षेत्र में आता है बाढ़ जैसी स्थिति में दोनों मुहल्लों को पलायन करना पड़ता है इस उनकी मांग थी कि हमे वर्षा काल चार माह के लिए ऊपरी हिस्से में अस्थाई मकान बनाए हेतु जमीन उपलब्ध कराई जाए। पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने कहा कि में पूरा प्रयास करूंगा एस डी एम तेंदूखेड़ा को अवगत कराया गया है इसकी आगे कार्यवाही करने के लिए कहा। इस दौरान नीरज जायसवाल, गोविंद तिवारी,राजा खान, रतन सिंह, अमित जैन सरपंच, अजय तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, संदीप पाठकर।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



दमोह देशबन्धु। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाए और उनके संरक्षण के लिये विधिक सहायता योजना अंर्तगत महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय दमोह में जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट राममनोहर सिंह दांगी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विद्यालय के प्रचार्य राजेश दीक्षित के साथ समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट राममनोहर सिंह दांगी द्वारा बच्चों को बताया गया कि बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के लिए विशेष कानून बनाया गया है, जिसमें कठोर दण्ड का प्रावधान है, यदि किसी बच्चे के साथ ऐसा अपराध होता है तो सर्वप्रथम अपराध की सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए ताकि अपराधी को दण्ड दिलाया जा सके, इसके साथ ही बताया गया कि इंटरनेट का प्रयोग आवश्यकतानुसार करें इसके कई दुष्परिणाम भी हैं, इंटरनेट या मोबाईल का जरूरत से ज्यादा उपयोग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर असर पड़ता है एवं पर्सनल जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से किसी को न दें और यदि कोई आपकी जानकारी का दुरूपयोग करता है तो इसकी जानकारी साईबर सेल को दें। इसके साथ ही बच्चों को छात्र जीवन में अपराध से दूर रहते हुए, अनुशासन का पालन कर अपने लक्ष्य को पूरा करने के बारे में विभिन्न पहलुओं पर बताया गया। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में हेल्पलाइन से सहयोग लिए जाने के विषय पर बताया गया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में पौधे रोपित किये गये।

# एसडीएम व तहसील कार्यालय भवन अब नवीन ग्राम में बनेंगे



**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** अनुविभाग मुख्यालय बनने के करीब 10 वर्ष बीतने के बाद अनुविभागीय राजस्व व तहसील का संयुक्त कार्यालय की स्वीकृति मिली जो करीब 7-8 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है लेकिन सोचने वाली बात है कि अभी तक जो कार्यालय नगर परिषद के अंतर्गत थे वह नये भवन ग्राम पंचायत मुख्यालय में बनने जा रहे हैं जो कि लखरौनी हल्का में बनेगा। जबकि पथरिया हल्का में खुद शासन की सैकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ी है वही न्यायालय व नगर परिषद के लिए वार्ड नं 14 में जमीन निर्धारित है और पहले से चर्चा थी कि यही संयुक्त कार्यालय बनेगा पर ना जाने क्यों नगर परिषद से ग्राम पंचायत में बन रहे हैं वही जहां पहले से तहसील कार्यालय बना था वहां भी बन सकता था क्योंकि कुछ वर्ष पहले ही वहां कर्मचारियों के लिए निवास के लिए क्वाटर बनाए गए साथ में सामुदायिक भवन बना है और भी शासन की जमीन खाली पड़ी है वहां बन सकते थे यह कार्यालय तो आम जनता को सुलभ रहता अब जहां बनाया जा रहा है वहां अभी तक तो कुछ नही है नगर से करीब 2 किमी दूर बोतराई रेलवे फाटक निकलकर जाना पड़ेगा। मतलब आम जनता को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय की दूरी 2 किमी बन जाएगी जबकि शासन प्रशासन चाहता था तो जनपद पंचायत के लिए नई बिल्डिंग स्वीकृत थी ऐसे में सभी कार्यालय एक साथ बनाकर संयुक्त कार्यालय बन जाता तो आम जनता को भी सुविधा रहती पर सभी कार्यालय नगर परिषद में और राजस्व के एसडीएम व तहसील कार्यालय ग्राम पंचायत में बनाना कहां तक उचित है यह हर कोई की समझ से परे है। क्या शासन प्रशासन के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अधिकारी इस पर विचार कर ध्यान देंगे ऐसी जनापेक्षा है।

## लंपी वायरस से मुक्ति के लिए मवेशियों को वैक्सीन लगाई



**दमोह देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं पशुपालन विभाग संयुक्त दल ने 50 से 60 गौवंश को लंपी वायरस से मुक्ति हेतु वैक्सीन लगाए। दमोह जिले में कई स्थानों पर देखने को मिलता है कि गोवंश लंपी वायरस से ग्रसित होकर घाव अपने शरीर पर लेकर घूमते रहते है, कई गौवंश की इस जानलेवा वायरस के चलते मौत तक हो चुकी है। ऐसे में जिला गौपालन एवं संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय समरसता सह प्रमुख श्री राम पटेल द्वारा पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया। इसी के परिपालन में पशुपालन विभाग एवं विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा विभाग के संयुक्त दल ने लगभग 50 से 60 गोवंश को लंपी वायरस से बचाव हेतु वैक्सीन लगाई। इस अभियान में विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा प्रमुख दयालु ठाकुर, बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख गोलू चौबे, बजरंग दल जिला संयोजक शंभू विश्वकर्मा, जिला सह संयोजक विक्रम साहू, सामाजिक समरसता सह संयोजक श्रवण पाठक, गौ सेवक दीपक नेमा एवं अनेक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

## पोस्टर पेंटिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के रेड रिबन क्लब के सदस्यों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ.मीरा माधुरी महंत के नेतृत्व में महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग में विद्यार्थियों को जागरुक करने पोस्टर पैन्टिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन ग्रीन स्किल



फ़ॉर यूथ: टुवार्ड ए सस्टेनेबल वर्ल्ड विषय में किया गया। इस अवसर पर पेंटिंग में रितु पौरिया एमएससी प्रथम सेम.एवं हेमश्री राज बी ए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, दीपक जाटव द्वितीय एवं भगीरथ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता में रितु पौरिया प्रथम, महिमा अंचल द्वितीय एवं हेम श्री तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी डॉ.जितेंद्र कुमार चौधरी (जिला संगठक रासेयो), डॉ. आलोक जैन, जूरी मेम्बर डॉ. ऋषिभा दिक्षित (अतिथि विद्वान) एवं अन्य विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकलव्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** एकलव्य विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया। भारत में पुस्तकालय विज्ञान को नई पहचान दिलाने वाले पदम् डॉ एस आर रंगनाथन की 131 वी जयंती पर कुलपति प्रो. डॉ. पवन कुमार जैन ,कुल सचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, शैक्षिक अधिष्ठाता डॉ.अर्चना पाठक, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान अधिष्ठाता डॉ. आरती तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू बाला, समस्त पुस्तकालय एवं विद्यार्थी गणों ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर इस दिन को अविस्मरणीय बनाया। विभाग अध्यक्ष डॉ. रेनू बाला ने डॉ. एस. आर रंगनाथन के जीवन परिचय पर प्रकाश प्रकाश डालते हुए उनके पुस्तकालय जगत में अभिन्न योगदान के बारे में बताया। डॉ. पवन कुमार जैन ,डॉ. प्रफुल्ल शर्मा , डॉ.अर्चना पाठक एवं डॉ.आरती तिवारी ने पुस्तकालय दिवस की सभी को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पुस्तकालय से जुड़े सभी सदस्यों ने लाइब्रेरी साइंस के जनक डॉ एस आर रंगनाथन जी के विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# एलएन आयुर्वद कॉलेज में स्तनपान सप्ताह का समापन



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड एल एन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में डाबर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन विशेषज्ञों से संवाद के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहले दिन विशेषज्ञ संवाद में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग डॉ शैलेश जैन द्वारा बच्चों के लिए स्तनपान का महत्व विषय पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। दूसरे दिन सहायक प्राध्यापक स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉक्टर निशिगंधा द्वारा स्ट्रेसफुल लाइफ स्टाइल ऑफ वर्किंग वूमेन एंड देयर इफेक्ट ऑन ब्रेस्टफीडिंग विषय पर व्याख्यान दिया गया। वहीं तीसरे दिन सहायक प्राध्यापक स्त्री एवं प्रसूति तंत्र विभाग डॉ चित्र पटेल द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग एन आयुर्वेदिक एप्रोच विषय पर एक टॉक का आयोजन हुआ। वहीं चौथै दिन डाबर इंडिया के सौजन्य से अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए स्वास्थ्यवर्धक शतावरी चूर्ण व दशमूलारिष्ट का निशुल्क वितरण किया गया, जबकि पांचवे दिन विद्यार्थियों द्वारा ब्रेस्टफीडिंग वीक के उपलक्ष में गतिविधियां की गई। छठवें दिन विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ नारी सशक्त नारी एवं बेनिफिट्स ऑफ ब्रेस्टफीडिंग पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें के प्रथम स्थान दीक्षा मनोहर, द्वितीय स्थान पर हर्ष चौधरी, रूपाली और उर्वशी मालवी रहे। तृतीय स्थान पर अक्षय राजपूत, साक्षी पटेल, शाकांबरी रही। वहीं सांत्वना पुरस्कार अमनदीप, आयुष पटेल व दीपिका जैन को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अंतिम दिन पर समापन सत्र का एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ सपन जैन व संचालक डॉ विशाल शिवहरे व डाबर इंडिया की ओर से पलाश चतुर्वेदी थे। अतिथियों विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सपन जैन ने बाल रोग विभाग व स्त्री एवं प्रसूति तंत्र व स्वस्थ्यवृत्त विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस आयोजन की प्रशंसा की और इस प्रकार के आयोजन को छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी बताते हुए छात्र छात्राओं को समाज मे जगृति लाने हेतु संकल्पित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शैलेष जैन द्वारा किया गया।

## मोटर साइकिल शोरूम संचालक ने ग्राहक से की धोखाधड़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक शोरूम से नकद रुपये जमा कर मोटर साइकिल खरीदी थी। शोरूम के संचालक ने युवक के दस्तावेज इस्तेमाल करके वही मोटर साइकिल किसी और के नाम पर फाइनेंस भी कर दी थी। घटना का पता तब चला जब फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने किस्त जमा नहीं होने पर युवक से उसकी मोटर साइकिल छीन ली। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी को प्रकरण दर्ज कर लिया है। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक बिसनखेड़ा, इछावर जिला सीहोर निवासी 32 वर्षीय अरविंद पुत्र लक्ष्मीनारायण निजी काम करता है। अरविंद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि उसने मार्च 2016 में बैरसिया रोड पर डीआइजी बंगला स्थित सुरजीत बजाज शोरूम से एक मोटर साइकिल नकद राशि देकर खरीदी थी। उसके बाद से वह मोटर साइकिल का इस्तेमाल कर रहा था। गत 24 जुलाई को वह इंदौर में था, तभी मंगलम फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने उसे मोटर साइकिल के साथ रोका और गाड़ी सीज करने की बात कही। इससे वह हैरान हो गया। वह गाड़ी लेकर कर्मचारियों के साथ उनके आफिस पहुंचा। वहां उसे बताया गया कि उसकी गाड़ी पर फाइनेंस हुआ है। बाइक पर किस्त के रूप में करीब 56 हजार रुपये बकाया है। इस वजह से उसे सीज किया जा रहा है। फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह मोटर साइकिल किसी लखनदास नाम के व्यक्ति के नाम पर फाइनेंस हुई है।

## जहाज रेस्टोरेंट में चल रही थी शराब पार्टी, आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**भोपाल, देशबन्धु।** केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में शुक्रवार को दिन में ही अवैध शराब पार्टी चल रही थी। इसकी सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग के अफसरों ने अचानक दबिश दी और शराब जब्त की। इसके साथ ही रेस्टोरेंट में शराब पी रहे 12 युवकों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। बताया गया है कि पहले भी यहां पर अवैध शराब पार्टी और विक्रय को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा ने जहाज रेस्टोरेंट में अवैध शराब पार्टी की सूचना मिलने के बाद आबकारी कंट्रोलर सजेंद्र मोरी के नेतृत्व में टीम बनाई। इसके बाद टीम जहाज रेस्टोरेंट में पहुंची तो यहां दिन में ही अवैध रूप से शराब पार्टी चल रही थी। इस पर टीम ने यहां बिना अनुमति शराब पी रहे 12 युवकों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। इस दोरान रेस्टोरेंट की तलाशी में संचालक विनय चंदेल के आधिपत्य से 29 बोतल बीयर बरामद होने पर मप्र आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। चूंकि इससे पहले भी इस रेस्टोरेंट पर अवैध मदिरा पान के 18 प्रकरण और प्रबंधक के खिलाफ भी अवैध शराब के विक्रय प्रकरण दर्ज होने से आदतन अपराधी की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक संजय जैन, अपर्णा राव, रमेश अहिरवार, स्वाति बघेल आदि शामिल थे। आबकारी आयुक्त रायचुरा ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

देशबन्धु

## सार-समाचार

### चोरी के दो अलग-अलग मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया गया था। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में और थाना प्रभारी के कुशल नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्रमांक 445/23 धारा 457, 380 ताहि, अपराध क्र. 475/23 धारा 379 ताहि के अज्ञात आरोपी अजय यादव पिता भगवान सिंह यादव उम्र 21 वर्ष निवासी प्रताप वार्ड बीना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा दिया गया। जप्ती में एक मोटरसाइल, एलसीडी टीवी, दो चांदी जड़े नारियल, चांदी के आभूषण 200 ग्राम कुल कीमत 40000 हजार रूपये है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नईबस्ती रामदीन सिंह, राजेश सिंह, लोकेन्द्र सिंह, मलखान सिंह, सोमवीर सिंह आदि की भूमिका रही।

### हत्या के प्रयास के आरोपियों को गिरफ्तार कर, भेजा जेल



**बीना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा फरार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु आदेश किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी बीना के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना बीना के अपराध क्र. 478/23 धारा 294,307,506,34 ताहि के आरोपी आकाश ठाकुर पिता गणपत सिंह ठाकुर उम्र 28 वर्ष, सोनू लोधी पिता रामबाबू लोधी उम्र 29 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गोदना थाना बीना को घटना के महज कुछ घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नईबस्ती रामदीन सिंह, लोकेन्द्र सिंह, मंगल सिंह यादव, जीतेन्द्र धाकड़, जितेन्द्र चंद्रवंशी की भूमिका रही।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में जा रही बस ने युवक को कुचला, मौके पर हुई मौत

## मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता व दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर हो कठोर कार्यवाहीः सुरेन्द्र चौधरी





**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ढाना में आयोजित सभा में जा रही बस से नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हफसिली निवासी हीरालाल पटेल की कुचलने से हुई मौत की घटना की जानकारी लगते ही पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी कांग्रेसजनों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां श्री चौधरी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों तथा कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता तथा घटना के लिए जवाबदार लोगों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की। जिस पर जिला प्रशासन की ओर से घटनास्थल पर मौजूद एसडीएम विजय डेहरिया व अन्य आदि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता व घटना के लिये दोषियों पर कार्यवाही तथा मृतक के आश्रित को नोकरी देने के आश्वासन दिया गया। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में जा रही बस से कुचलकर नरयावली विधान सभा क्षेत्र के ग्राम हफसिली निवासी स्व. हीरालाल पटेल की हुई मौत की एकलौती घटना नहीं है इस घटना के पूर्व विगत दिवस प्रधानमंत्री की सभा स्थल पर टेंट का कार्य कर रहे खुरई निवासी स्व.सचिन अहिरवार तथा बिजली का कार्य कर रहे ग्राम विदवास निवासी एमपीई व्हीके आउटसोर्स कर्मचारी स्व. संतोष लोधी की करंट लगने से दुखद मौत की घटना घटित हुई है जिसकी जबावदेही से शासन प्रशासन बच नही सकता। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ घटना के लिए जबाबदारों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए। इस दौरान कांग्रेस नेता रमाकांत यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चावड़ा, अशोक पटेल, कलु गोविन्द पटैल, मनोज पटैल, महेंद्र पटैल आदि अनेकों कांग्रेसजन व ग्रामीण मौजूद थे।

### नागरिक फीडबैक देने के लिए एक मिनट का समय अवश्य दें: निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** नगर को स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे नंबर दिलाने के लिए 15 अगस्त तक नागरिकों को फीडबैक देना है जिसके 3 दिन शेष हैं इसलिए निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा नागरिकों से सिटिजन फीडबैक देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है नतीजतन नागरिकों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं, नगर में स्थित विभिन्न प्रकार की एजेंसियों जिनमें नागरिकों का आना जाना होता है वहां से भी फीडबैक लेने के लिए उनके संचालकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है लेकिन शेष बचे दिवसों में इन प्रयासों को और तेज करने की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक मिल सके जिसके परिणाम स्वरूप स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में शहर को अच्छी रैंकिंग मिलने में सहायक हो।

## स्मार्ट सिटीज मिशन एवं नगर पालिका निगम की पत्रिका का विमोचन



**सागर, देशबन्धु।** स्मार्ट सिटीज मिशन एवं नगर निगम द्वारा महापौर संगीता तिवारी के पदभार उपरांत विगत एक वर्ष में हुए सागर के विकास कार्यो का संक्षिप्त विवरण की मैगजीन पत्रिका का विमोचन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल मंगूभाई पटेल, प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रभारी मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, मंत्री भूपेंद्र सिंह के द्वारा हेलीपैड पर हुआ। इस शुभ अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, नेवी जैन, रिशांक तिवारी, राजीव सोनी, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नजरबंद करके जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकताः कटारे





**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सागर आगमन के 6 घंटे पहले ही मोतीनगर पुलिस ने कांग्रेस सेवादल के सदस्यों को घरों से उठाकर थाने में नजरबंद कर दिया और शाम को प्रधानमंत्री के प्रस्थान के बाद सभी को रिहा किया। सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि पुलिस प्रशासन का रवैया बड़ा ही बर्बरता पूर्ण है, प्रजातांत्रिक व्यवस्था में ऐसी तानाशाही मुगल और अंग्रेजी शासन में भी नही हुई, हम जनता की आवाज उठाते रहेंगे और हम कांग्रेसियों की आवाज को यूं दबाकर बंद नहीं कर सकते। जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव ने नरयावली विधानसभा के सदर केंट क्षेत्र मे बेरोजगार और प्रदेश में महिला उत्पीडन, अनुसूचित जाति जनजाति पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री के आगमन का विरोध किया। वरिष्ठ कांग्रेसी पप्पू गुप्ता, जितेन्द्र चौधरी, आनंद हैला, बंटी कोरी, अभिषेक तिवारी, मोंटी साहू, अंकुर यादव, निक्की यादव, गोपाल तिवारी आदि भी दिन भर मोतीनगर थाने में नजरबंद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान के तहत नागरिक अपने घरों पर तिरंगा लगायेः निगमायुक्त

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 9 से 30 अगस्त तक आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत विभिन्न चरणों मे अभियान चलाए जा रहे है जिसके अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत नागरिक अपने घरों पर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय एकता का परिचय दे। यह अपील निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ल ने जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, कर्मचारियों, प्रबुद्ध नागरिको, समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों सहित समस्त नगर वासियो से की है।

प्रधानमंत्री मोदी की सभा के पूर्व कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने नजर बंद किया

## विरोध के डर से कांग्रेसियों को घरों में नजर बंद कियाः राजकुमार पचौरी





**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री की सागर में आमसभा के पूर्व अधिकांश कांग्रेस जनो को उनके निवास पर ही नजर बंद कर दिया गया। जिनमें जिलाध्यक्ष ग्रामीण डॉ. आनंद अहिरवार, शहर जिलाध्यक्ष राजकुमार पचौरी, प्रदेश महासचिव सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, देवेंद्र तोमर, अवधेश तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष योगराज कोरी, समीर खान, नदीम कुरैशी, आदित्य सेन, कुंजी लडिया, नरेश सनकत, अजय दुबे, अरूण साहू चकिया, मो. हामिद अंसारी, स्वप्निल गुप्ता, शिवा राजपूत, इमरान खान, रूपेश साहू, राजा खान, मजहर हाशमी, इमरान, सोहिव, रवि, अरूण, हेमराज शामिल है। शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा है, प्रशासन मोदी और शिवराज सिंह के इशारे पर काम कर रहा है और लोकतंत्र को तार तार कर रहा है बाबा साहब ने संविधान में सभी व्यक्तियों को अभिव्यक्ति का मौलिक अधिकार दिया है इनका हनन किया जा रहा है। प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति के प्रति प्रेम मात्र दिखावा है, उनके दल के लोग इस वर्ग के साथ क्या कर रहे है, यह सभी जानते है। मध्य प्रदेश में हम गुलामों का जीवन जी रहे हैं, आने बाले समय में जनता इसका जबाब देगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जनो ने प्रधानमंत्री की जन विरोधी नीतियों के विरोध में तीन माड़िया पर मौन रखकर अपना सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, चक्रेश सिंघई, राकेश राय, आशीष ज्योतिषी, जितेंद्र रोहन, राजकुमार घनोरा, रमाकांत यादव, रवि सोनी, अरुण गोटू मिश्रा, प्रभात जैन, दीन दयाल तिवारी आदि तीन माड़िया पर धरने में उपस्थित रहे।

मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री ने विपक्ष और राहुल ने सरकार को घेरा

# विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि मणिपुर हिंसा पर हम संसद में शुरू से चर्चा करने के पक्ष में थे। विपक्ष के लोग सिर्फ राजनीति करना चाहते थे। वे अविश्वास प्रस्ताव लाए, फिर वोटिंग से भाग गए। विपक्ष ने मणिपुर के साथ धोखा किया।


मोदी ने यह बात पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कही। प्रधानमंत्री मोदी ने बंगाल और मणिपुर हिंसा पर विपक्ष के रवैए और अपने 9 साल के कार्यकाल पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मानसून सत्र की शुरुआत से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने सभी पार्टियों से कहा था कि वे मणिपुर मुद्दे पर चर्चा करना चाहते हैं, लेकिन विपक्ष ने मुद्दे पर चर्चा नहीं होने दी, क्योंकि वे जानते थे कि मणिपुर का सच सबसे ज्यादा उन्हें ही चुभेगा। विपक्ष लोगों के बारे में नहीं सोचता, उसे सिर्फ अपनी राजनीति से मतलब है।

- मणिपुर मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता था विपक्ष
- प्रधानमंत्री ने बंगाल हिंसा पर भी विपक्ष को घेरा

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे, क्योंकि वोटिंग होती तो घमंडिया गठबंधन की पोल खुल जाती।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राज्य में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव का जिक्र कर टीएमसी पर भी सवाल खड़े किए। प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में टीएमसी ने कैसा खूनी खेल खेला, ये पूरे देश ने देखा है।

### प्रधानमंत्री को हिंसा पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनावों में हुए खून-खराबे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर किए गए तीखे हमले के जवाब में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि उन्हें हिंसा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है।

प्रधानमंत्री के भाजपा के पूर्वी क्षेत्र पंचायती राज कार्यशाला को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करने के बाद जारी वीडियो में मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा के बारे में बात की है। यह वास्तव में भाजपा की राज्य इकाई द्वारा योजनाबद्ध और प्रचारित किया गया था। ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान भाजपा समर्थित गुंडों ने लगभग 17 लोगों की हत्या कर दी। प्रधानमंत्री को ऐसी बातें कहने से पहले राजनीतिक शिष्टाचार सीखना चाहिए। उन्हें ऐसे समय में पश्चिम बंगाल में हिंसा के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है जब वह मणिपुर में स्थिति को नियंत्रित करने में वह असमर्थ हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करना ऐसे समय में प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता जब वह खुद भ्रष्टाचार के घेरे में हों।

# मणिपुर में जो रहा वो पहले नहीं देखा



**वायनाड, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे हैं। वायनाड में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मणिपुर में हजारों लोग हैं जिन्होंने हिंसा को झेला है। किसी का घर जला दिया गया है, किसी की बहन के साथ दुष्कर्म किया गया है, और किसी के भाई और माता-पिता की हत्या कर दी गई है। यह ऐसा है जैसे किसी ने पूरे मणिपुर में मिट्टी का तेल फेंककर आग लगा दी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कुछ समय पहले मणिपुर गया था। मैं 19 साल से राजनीति में हूं और मैंने कभी भी मणिपुर में जो अनुभव किया, ऐसा कभी अनुभव नहीं किया। आगे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर में हर जगह खून है, हर जगह हत्या हो रही है, मणिपुर में यही स्थिति है और प्रधानमंत्री ने संसद में 2 घंटे, 13 मिनट तक बात की लेकिन वह मणिपुर पर दो मिनट तक बोले, वे हंसे उन्होंने मजाक किया। उनका मंत्रिमंडल हँस रहा था, जोक कर रहा था।

उन्होंने मोदी पर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप 'भारत माता' ( मणिपुर) की हत्या के बारे में दो मिनट बोलते हैं। आप भारत के विचार का अनादर कैसे कर सकते हैं? आप वहां क्यों नहीं गए? आपने हिंसा रोकने की कोशिश क्यों नहीं की? क्योंकि आप राष्ट्रवादी नहीं हैं। जो कोई भी भारत के विचार की हत्या करता है वह राष्ट्रवादी नहीं हो सकता। जोरदार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस नहीं समझते कि परिवार क्या होता है? वे यह नहीं समझते कि जितना वे तुम्हें और मुझे अलग करने की कोशिश करेंगे, हम उतने ही करीब आ जायेंगे। उन्हें लगता है कि अगर हम राहुल गांधी को अयोग्य घोषित कर देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता टूट जाएगा। अगर आप राहुल गांधी को अयोग्य करार देंगे तो वायनाड से उनका रिश्ता और भी मजबूत हो जाएगा।

### सांसदी बहाली के बाद पहली बार वायनाड पहुंचे राहुल

इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ऊटी के पास मुथुनाडु गांव में टोडा आदिवासी समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। राहुल गांधी से टोडा की महिलाओं ने उनसे कहा कि वह प्रधानमंत्री के रूप में इस स्थान पर लौटें। इसी के साथ उन्होंने सामुदायिक देवता के मंदिर का दौरा किया और वहां की पारंपरिक प्रथाओं को देखा।इससे पहले राहुल गांधी सांसदी जाने के 16 दिन बाद 10 अप्रैल 2023 को वायनाड गए थे। तब उन्होंने यहां जनसभा में कहा था कि मेरी संसद की सदस्यता छीन ली गई। मेरा घर छीन लिया, मेरे पीछे पुलिस लगा दी, लेकिन इन सबसे मुझे फर्क नहीं पड़ता है। वो मुझे जेल में भी डाल दें, फिर भी मैं सवाल पूछता रहूंगा।

### मोदी मणिपुर पर हमारी बात लगातार टालते रहे



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चांद से लेकर चीता तक पर बात करते हैं, लेकिन मणिपुर के मुद्दे विपक्ष की मांग के बावजूद बयान नहीं दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगा था कि वे मणिपुर पर भी बोलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। विपक्ष सदन में ये गुहार लगाता रहा कि मणिपुर में हालात गंभीर होते जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी सदन में आकर अपनी बात रखें। अधीर ने कहा कि मोदी मणिपुर मुद्दे पर हमारी बात लगातार टालते रहे और फिर हम आखिरी विकल्प के रूप में अविश्वास प्रस्ताव लाए। जिस कारण प्रधानमंत्री ने सदन में आकर बात रखी।

## वीणा द्वारा प्रकशित पुस्तक प्यार और सम्मान का स्मृति चिन्ह

**भोपाल, देशबन्धु।** अर्जुन सिंह जी के बारे में तो बहुत कुछ लिखा जायेगा पर बिंदा जी के बारे में कौन लिखेगा, वह आपको लिखना पड़ेगा, वीणा सिंह ने यह पुस्तक सम्मान और प्यार से लिखी है। यह पुस्तक अर्जुन सिंह के प्यार और सम्मान का एक मोमेंटों हैं। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविन्द्र भवन में 'विंध्य की बेटी: मुहावरों में झलकती ममता' पुस्तक का विमोचन करते समय कही। पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह की धर्मपत्नी सरोज कुमारी द्वारा संकलित इस पुस्तक का प्रकाशन उनकी पुत्री श्रीमती वीणा सिंह ने किया।

श्री कमलनाथ ने पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि अर्जुन सिंह ने अपने जीवन में सभी वर्ग के लोगों को तहजीब दी। उन्होंने कहा कि मेरी मंशा नहीं थी लोकसभा चुनाव लड़ने की, लेकिन उन्होंने मुझे अपने निवास पर बुलाया और मुझे पता ही नहीं था और दाऊ साहब और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरोज कुमारी ने मुझे अचानक बुलाकर कहा कि लोकसभा का चुनाव लड़ना है मैंने इंदिरा गांधी जी और संजय गांधी जी से बात कर ली है, मैं उनके निर्णय से हतप्रभ रह गया लेकिन मैं कुछ बोल भी नहीं सकता था, मेरे पास बोलने के लिए कोई विकल्प ही नहीं था, वह चुनाव मेरा पहला चुनाव था। चुनाव अभियान में श्रीमती सरोज कुमारी 3 हफते छिंदवाड़ा में रहीं। देर रात तक जागती थीं, मैंने सोचा कि ये तो मेरी बहन से ज्यादा मेरी सेवा करती हैं, मैंने उन्हें बहन बना लिया और उन्हें बिंदा बोलना शुरू कर दिया, वह मेरी बहन बनी। इंदिरा जी प्रधानमंत्री बनी, विधानसभा का चुनाव हुआ परिणाम आया, अुर्जन सिंह जी ने नेतृत्व किया। अर्जुन सिंह की मप्र में जो सेवा रही, वह बिंदा जी की प्रेरणा से रहीं। मैंने बड़ी करीबी से उनके परिवार को देखा है।

फाउंडेशन के ट्रस्टी, एनआरआई सैम वर्मा ने अुर्जन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुझे बहुत प्यार, मान और सम्मान दिया है। श्रीमती सरोज कुमारी का अर्जुन सिंह की सफलता के पीछे बहुत बड़ा योगदान रहा। फाउंडेशन के ट्रस्टी राजेन्द्र सिंह ने कहा कि अर्जुन सिंह की पहचान सर्वहारा वर्ग के नेता के रूप में रही है। उनके जीवन का उद्देश्य हमेशा समावेशी विकास के लिए ही रहा। फाउंडेशन की ट्रस्टी पुस्तक की प्रकाशन कराने वाली श्रीमती वीणा सिंह ने कहा कि मुझे यह बहुत अच्छा पवित्र मौका मिला है जबकि आप सबके बीच में मैं अपने माता और पिता दोनों को याद कर दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं । श्री कमलनाथ से हमारा बहुत पुराना संबंध है और उन्होंने आज तक उस संबंध को निभाया सैम वर्मा हमारे परिवार के अंग है और राजेन्द्र सिंह हमारे मामा जी हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता का स्वर्गवास हुआ तो मेरी मां को 5 साल लग गए उस घड़ी को संभालने में रोज जो भी व्यक्ति आता था उससे बात तो करती थीं, लेकिन उनका ध्यान कहीं और होता था, 5 साल बीत जाने के बाद मैंने मां से कहा कि आप चिंता मत करिए, हम दाऊ साहब की याद हमेशा बनाए रखेंगे। दाऊ साहब की यादव बनाये रखने अर्जुन सिंह सद्भावना फाउंडेशन बनाया।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।